इंदौर
शनिवार
28 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 164

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

परिसीमन विधेयक

मोदी सरकार की राह आसान

शरद पवार जैसे सहयोगियों के रुख से कांग्रेस परेशान

नई दिल्ली ● एजेंसी

परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार ने संसद में विशेष सत्र बुलाया है। इस बार ऐसा लग रहा है कि सरकार आसानी से यह विधेयक पास करा लेगी, क्योंकि भाजपा से दूरी बनाने वाले कई दल भी इस बिल के पक्ष में आगे आ रहे हैं। एक तरह से यह बिल विपक्ष को तितर-बितर कर रहा है। सबसे बड़ा झटका शरद पवार की पार्टी ने दिया है, जो खुलेआम इस बिल के समर्थन में आगे आ गई। शरद पवार की पार्टी आज



कांग्रेस गठबंधन इंडिया की बैठक में भी शामिल नहीं होगी। शरद पवार के अलावा डीएमके वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस, बीजद, झामुमो भी इस बिल को समर्थन दे सकते हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री और झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने अंतिम फैसला करने के लिए आज पार्टी की बैठक बुलाई है। उधर नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह बिल को देखने के बाद फैसला करेंगे।

कांग्रेस ने शरद पवार को याद दिलाया अहसान

परिसीमन बिल का समर्थन कर रहे शरद पवार को कांग्रेस ने इशारों-इशारों में अहसान फरामोश बता दिया। कांग्रेस ने कहा कि हमारे समर्थन से शरद पवार राज्यसभा पहुंचे और अब वे भाजपा के साथ खड़े हो गए।

नाव में मिली 15 लाशें भूख-प्यास से गई जान

90 को बचाया

मैड्रीड ● एजेंसी



स्पेन के कैनरी आइलैंड्स के पास समुद्र में प्रवासियों से भरी एक नाव में 15 लोगों के शव मिले हैं। नाव का इंजन खराब होने के बाद करीब 100 लोग 3 दिन तक समुद्र में फंसे रहे। इस दौरान नाव में खाना-पानी खत्म हो गया, जिससे कई लोगों की जान चली गई। 6 लोगों की हालत गंभीर है। उन्हें हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। नाव में सवार करीब 90 लोगों को भी रेस्क्यू किया गया। यह नाव पश्चिमी अफ्रीका से यूरोप पहुंचने की कोशिश कर रहे प्रवासियों को लेकर जा रही थी।

केजरीवाल के शीश महल में किचन में लिफ्ट

बेटे-बेटी के लिए दो करोड़ के कमरे

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री काल में अपने बंगले को शीशमहल जैसा बनाया था। इस बंगले पर 58 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए थे। दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद अब आम लोगों के लिए इस शीश महल के दरवाजे खोल दिए गए। इस बंगले में जो सामान लगा है उसकी कीमत भी यहां लगाई गई है। इस बंगले में किचन में लिफ्ट है। बेटे और बेटी के लिए एक-एक करोड़ के कमरे हैं। यहां जिम, मसाज जैसी कई आलीशान व्यवस्था भी केजरीवाल ने की थी।



कोविड वैक्सीन के थे साइड इफेक्ट, मस्क ने जताई सहमति

शनिवार ● एजेंसी

कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर एलॉन मस्क ने बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करके उस वीडियो पर अंग्रेजी में यप (हां) कहा है, जिसमें फेसबुक के को-फाउंडर और मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग ने वैक्सीन प्रोग्राम के साइड इफेक्ट को लेकर जिक्र किया था। जकरबर्ग बताते हैं कि कैसे अमेरिका में बाइडेन सरकार ने इसको छिपाने के लिए उन पर दबाव बनाया।

मदुरै की पहाड़ी पर आज दीपक जलेगा

मदुरै.एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के सख्त आदेश के बाद आज तमिलनाडु के मदुरै में तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित दीपथून पर दीपक जलाया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य प्रशासन को फटकार लगाते हुए शनिवार को सीआरपीएफ की सुरक्षा में दीपथून पर दीपक जलाने का आदेश दिया था। इसके पहले तमिलनाडु सरकार ने इसकी इजाजत नहीं दी थी।

पेरू में भारतीय को गोली मारकर लूटा

लीमा.एजेंसी। पेरू के लीमा के पास ला पर्ला जिले में दिनदहाड़े नकाबपोश बदमाशों ने एक कार को घेरकर उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं और गहनों से भरे ब्रीफकेस लूट लिए। इस हमले में 29 वर्षीय भारतीय नागरिक विजय पगरानी इजा और 35 वर्षीय पेरू की नागरिक मारी नताली मिरांडा एस्पिनोजा घायल हो गए।

अयोध्या में गर्म पानी से रामलला का स्नान

अयोध्या.एजेंसी। बढ़ती ठंड के कारण अयोध्या में रामलला को गर्म पानी से स्नान कराया जा रहा है। पंजाब, उत्तरप्रदेश सहित 10 राज्यों में ठंड के साथ कोहरे ने कहर बरपा रखा है। मध्यप्रदेश में कटनी के करौंदी में सबसे ज्यादा ठंड है। यहां पारा 6.1 डिग्री तक लुढ़क गया।

14 साल की पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

तेहरान.एजेंसी। ईरान में 14 साल की सोगंद मुश्तारेकी की उसके 20 साल के पति ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सोगंद ने 10 दिन पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। आरोप है कि मायके जाने की बात पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

38 साल की उम्र में डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार ब्रॉनसन रीड का निधन

शनिवार ● एजेंसी



डब्ल्यूडब्ल्यूई के उभरते हुए सुपरस्टार ब्रॉनसन रीड का 38 साल की उम्र में निधन हो गया। ब्रॉनसन रीड मूल रूप से ऑस्ट्रेलिया के थे और उनका असली नाम जर्मेन हेली था। ब्रॉनसन रीड तेजी से डब्ल्यूडब्ल्यूई के सभी मेन रोस्टर में अपनी पहचान बना चुके थे और उन्हें कई सारे मेन रोस्टर में भी देखा जा रहा था।ब्रॉनसन रीड का निधन ऐसे समय हुआ है, जब कुछ हफ्ते पहले ही वह डब्ल्यूडब्ल्यूई के बड़े इवेंट क्राउन ज्वेल में नजर आए थे। 7 नवंबर को सऊदी अरब में हुए इस इवेंट के दौरान उन्हें गंभीर चोटें लगने की खबर आई थी। वे अपने पीछे गर्भवती पत्नी और बेटी को छोड़ गए।

48 साल बाद जगन्नाथ मंदिर के खजाने की गिनती

पुरी.एजेंसी। ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार एक बार फिर चर्चा में है। यहां रखे सदियों पुराने कीमती आभूषणों और रत्नों की गिनती चल रही है। 48 साल बाद शुरू हुई इस प्रॉसेस में अब तक 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग चुका है। हीरे, नीलम, मोती और माणिक जैसे कीमती रत्नों की जांच हो रही है। तीन संदूक अभी खुलने बाकी हैं। एक-एक आभूषण की जांच में कम से कम एक घंटा लग रहा है। वजह यह कि इन आभूषणों में कीमती रत्न जड़े हैं।



अब अंतिम संस्कार की भी मार्केटिंग

नई दिल्ली.एजेंसी। विभिन्न मांगलिक कार्यों की तरह अब अंतिम संस्कार के लिए भी प्री-बुकिंग की सुविधा शुरू हो गई है। दिल्ली में यह सेवा देने वालों ने कहा है कि कंधा देने के लिए 4 आदमी भी मिलेंगे। शव को श्मशान घाट तक ले जाने के लिए गाड़ी और अंतिम संस्कार के लिए सभी जरूरी सामान, पंडित और पूजा-पाठ की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

...तो पैदल ही बांग्लादेश जाएंगी शेख हसीना?

ढाका.एजेंसी। शेख हसीना के करीबी सहयोगी अबू ओबैदाह आरिन ने बताया कि अगर दिल्ली से ढाका के लिए फ्लाइट की व्यवस्था नहीं होती है, तो शेख हसीना पैदल भारत-बांग्लादेश सीमा पार करके भी लौटने को तैयार हैं। अवामी लीग ने उनके स्वागत के लिए सीमा से ढाका तक लाखों समर्थकों की ह्यूमन चेन बनाने की योजना बनाई है।

cmyk
cmyk

तीन कांग्रेसी व्यवस्था देखने पहुंचे तो पुलिस ने रोके रखा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सीधे पुलिस ने चमकाया तुम्हें भी बंद कर देंगे इस पर जवाब आया कि प्रजातंत्र में विरोध करना गलत नहीं है

शहर कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग और कांग्रेस नेता इम्तियाज बेलिम कल शाम जीतू पटवारी के फूटीकोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी बोगदा के नीचे होने वाले प्रदर्शन की व्यवस्था देखने पहुंचे तो वहां उस समय भी पुलिस की व्यवस्था हो चुकी थी और पुलिस के दो बड़े अधिकारी डीसीपी विशेष अग्रवाल और एसपीसी सुरेश रावत वहां मौजूद थे। यह दोनों अधिकारी तीनों कांग्रेसियों को ठीक से पहचानते भी नहीं थे, जब पुलिस ने इन तीनों कांग्रेसियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि हम आज शाम होने वाले प्रदर्शन की व्यवस्था देखने आए हैं। पहले तो इन तीनों कांग्रेसियों को पुलिस ने कहा कि तुम्हें भी बंद कर दिया जाएगा, पहले सही-सही बात बताओ कितने लोग प्रदर्शन में रहेंगे, किस-किस क्षेत्र से कांग्रेसी अन्दर आएंगे और कांग्रेस द्वारा क्या करने की योजना है। इस पर बाकलीवाल, गर्ग और बेलिम ने कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेसी और सब्जी व्यापारी सब्जी दुकान लगानै को लेकर प्रदर्शन करेंगे, इस पर पुलिस इन तीनों कांग्रेसियों से अंदाज संख्या कांग्रेसियों व सब्जी व्यापारियों की पूछी तो 2 हजार बताई गई। इस पर पुलिस ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी आएंगे तो कहां से व्यवस्था करेंगे, कहां बेरिकेट्स लगाएंगे, कितने वाहन आएंगे, किस-किस क्षेत्र से अन्दर प्रवेश करोगे। थोड़ी बातचीत के बाद पुलिस अधिकारी इन तीनों कांग्रेसियों को गौपूर चौराहा ले गए और कहा कि हम यहां बेरिकेट्स लगाकर रास्ते बंद कर देंगे। इस पर तीनों कांग्रेसियों ने नाराजगी भी जाहिर की और कहा कि इतनी दूर बेरिकेट्स लगाने पर कांग्रेसी पैदल कैसे आएंगे इस तरह प्रजातंत्र में विरोध करना कोई गलत बात नहीं है। बाकलीवाल, गर्ग और बेलिम ने कहा कि हम अन्नपूर्णा रोड से निकले अटल पथ पर एकत्रित होंगे वहीं सब कांग्रेसी वाहन पार्क करेंगे और शांति से पैदल मार्च करते हुए फूटीकोठ रोड पर आएंगे और वहां से बोगदे के नीचे एकत्रित होंगे। इस पर पुलिस ने कहा कि यह कार्यक्रम तय है क्या। इस पर तीनों कांग्रेसियों ने कहा कि मैं अध्यक्ष चिन्टू चौकसे को इसकी पूरी जानकारी भेज देता हूं वे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से बात कर इसको अंतिम रूप देंगे। इस पर भी पुलिस ने कहा तत्काल प्रदर्शन कार्यक्रम को स्वीकृत कराओ, इस पर संजय बाकलीवाल ने पूरी जानकारी चिन्टू चौकसे को दी, चिन्टू चौकसे ने कहा स्पाट के वीडियो भेज दो और मेरे को आधे घंटे का समय दो। संजय बाकलीवाल ने पूरी जानकारी चिन्टू चौकसे को भेजी और चिन्टू चौकसे ने संभवतः जीतू पटवारी को इसकी पूरी जानकारी दी। आधा घंटा बाद स्वीकृति मिली और जब पुलिस को पूरी जानकारी दी तो पुलिस ने उस समय भी कहा कि इसमें हेरफेर ना हो हम इसी प्रदर्शन कार्यक्रम के अनुसार पुलिस व्यवस्था करेंगे। पुलिस ने इन तीनों कांग्रेसियों को कहा कि अगर इसमें कोई हेरफेर हुआ या कोई गलत कार्यक्रम हुआ तो तीनों पर भी कार्रवाई कर देंगे उसके बाद इन तीनों कांग्रेसियों को पुलिस ने करीब 2.15 बजे फ्री किया। उसके बाद गांधी भवन से मैसेज बनाए गए और कांग्रेसियों को अटल पथ पर एकत्रित होने का मैसेज दिया गया। इसकी जानकारी सब्जी व्यापारियों को भी दी गई। बड़ी संख्या में कांग्रेसी और सब्जी व्यापारी मौजूद रहे।

पटवारी की मौजूदगी के कारण कांग्रेसियों और सब्जी व्यापारियों में रहा उत्साह





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कांग्रेस नेत्रियों ने सब्जी की टोकरी लेकर आगे आकर खीचाए चित्र

कल कांग्रेस ने फूटीकोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी वापस लगवाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। अटल पथ से होते हुए कांग्रेसी करीब 4.45 बजे वहां से निकले और 5 बजे करीब कांग्रेस के समूह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए। फूटीकोठी से यह कांग्रेसी पैदल मार्च करते हुए बोगदे के नीचे कांग्रेसी जाना चाहते थे, जहां पुलिस ने बेरिकेट्स लगा रखे थे और कांग्रेसियों को आगे नहीं जाने दिया गया। डीजे की गाड़ी पर संचालन शहर कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि सब्जी बेचने वाली मातृशक्तियों को आगे आने दिया जाए उनके हाथों पर सब्जी की टोकरी है, इस पर कांग्रेस नेत्रियों ने पीछे रहने के बजाए चित्र के लिए आगे आना शुरू कर दिया और तो और इन सब्जी वाली मातृशक्तियों से टोकरिया लेकर अपने हाथों में कांग्रेस नेत्रियों ने ले ली और चित्र खींचवाए और सब्जी वाली महिलाओं को पीछे कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी से कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में जोश दिखाई दिया। कई कांग्रेसी बोगदे के पहले लगे बेरिकेट्स तक पहुंच गए थे, कुछ ने पुलिस से बहस भी की, पटवारी कांग्रेसियों को शांत प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर रहे थे। पटवारी ने पुलिस के डीसीपी अधिकारी नरेन्द्र रावत से कहा कि या तो आप सब्जी मंडी लगवा दो या हमें गिरफ्तार करवा दो। नगर निगम से अपर आयुक्त आकाश सिंह आए तो उनसे भी पटवारी ने पूछा कि यहां दुकान क्यों नही दे रहे हो तो अधिकारी ने कहा कि हम 600 मीटर दूरी पर उन्हें दुकान दे रेह है, अभी यहां लाईट और अन्य व्यवस्था नहीं है। जब अधिकारियों ने टालमटोल की बात कही तो पटवारी ने कहा मुझे मत समझाओ में 10 साल इस क्षेत्र का विधायक रहा हूं अभी जरूरत चुनाव हार गया हूं जब ब्रिज बन रहा था तो हमने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इन सब्जी व्यापारियों से बात की थी कि ब्रिज बन जाने दो इसके नीचे बोगदे में आपको दुकानें दे दी जाएगी। उस समय मेरे साथ भाजपा के मेयर और पार्षद भी थे। अब वे ही लोग इन सब्जी व्यापारियों के साथ अत्याचार कर रहे है। पटवारी सहित सभी कांग्रेसियों ने पुलिस ने वहीं अस्थायी जेल बनाकर गिरफ्तारी ले ली, क्योंकि प्रशासन को वहीं गिरफ्तारी का निर्णय इसलिए लेना था कि बडी संख्या में कांग्रेसी और व्यापारी भीड़ के रूप में मौजूद थे। चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, रीना बौरासी, राजेश चौकसे, अमन बजाज, दीपू यादव, सोनिला मिमरोट, संजय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, अरविन्द बागडी, संतोषसिंह गौतम, धर्मेन्द्र गेंदर, इम्तियाज बेलिम, विनय बाकलीवाल, दिनेश मल्हार, मोतीसिंह पटेल, अमित चौरसिया, राजू भदौरिया, अनवर दस्तक, रफीक खान, सादिक खान, देवेन्द्र यादव, जीतू ठाकुर, दीपूसिंह चौहान, शशि हाडा, राहुल धाकरे, जतिन थोरात, बलवंत टटवाडे, राजेश जोशी, मुकेश ठाकुर, सत्यनारायण मोदी, सत्यनारायण सलवाड़िया, मोहन चौहान, विकास जोशी, कमलेश पाठक, विजेन्द्र चौहान, जीतू दीवान सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

प्रजापति समाजजनों को मिली इलेक्ट्रॉनिक चॉक की सौगात

मंत्री के हाथों हुआ वितरण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्रीश्री यादे प्रजापति बरदिया समाज का दिवाली मिलन कुम्हारखाड़ी प्रजापति धर्मशाला में आयोजित हुआ। महेश कश्यप, प्रेमदास नेताजी ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय थे। बड़ी संख्या में प्रजापति बरदिया समाजजन मौजूद रहे। समाज के जरूरतमंद परिवारों को मंत्री विजयवर्गीय विधायक निधि से 5 लाख रु. की राशि स्वीकृत की और समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को मिट्टी के बर्तन, मटके दिए, खिलौने बनाने के लिए 25 इलेक्ट्रॉनिक चॉक का वितरण किया गया। अब जरूरतमंद लोग इलेक्ट्रॉनिक चॉक से मिट्टी के सामान का निर्माण करेंगे, जिससे निर्माण ज्यादा



होगा। विजयवर्गीय ने समाज की मातृशक्तियों द्वारा बनाए गए दीये भी खरीदें। विजयवर्गीय ने समाज की धर्मशाला में लिफ्ट लगवाने एवं धर्मशाला के बाहर गेट बनवाने की बात भी कही और कहा कि अगर समाज के लोगों को इलेक्ट्रॉनिक चॉक की और जरूरत हो, तो बताए हम और व्यवस्था करवा देंगे। धर्मशाला कार्यक्रम के दौरान दीप जलाकर रोशन भी किया गया। बड़ी संख्या में समाजजनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर महेश कश्यप, प्रेमदास नेताजी, राम कश्यप, हुकुमचंद कश्यप, विजय कश्यप, रमेश कश्यप, पन्नालाल कश्यप, प्रहलाद कश्यप, गोवर्धन कश्यप, राम कश्यप, राजू खिलचंद प्रजापति, शशि कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, जगदीश कश्यप, नितिन कश्यप, विशाल कश्यप, अजय प्रजापति, संतोष कश्यप, ममता कश्यप, महेश कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।



निहोरे को सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस नेता राहुल निहोरे को प्रदेश कांग्रेस के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। निकट के लोगों ने हरीश चौधरी द्वारा अनुमोदित निहोरे की नियुक्ति पर स्वागत सम्मान का आयोजन भी किया।

भाजपा नेता ने किया सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बहुउद्देशीय समिति ने बुजुर्गों के सम्मान का आयोजन किया। डॉ. बिरजु शर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा की मौजूदगी में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी पिन्टू जोगी ने भी बुजुर्गों के सम्मान में सहयोग किया।

कांग्रेस में जिसको जो समझ में आ रहा है वह कर रहा है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर भी यह लिखा जा रहा है कि जिसको जो समझ में आ रहा है वह कांग्रेस में कर रहा है, जिस नेता को जहां समझ में आती है वहां जाकर वह क़ाम करने लगता है, जबकि पहले संगठन ने कहा था कि कोई भी धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन करना है तो उसकी जानकारी शहर कांग्रेस को देना होगी और स्वीकृति लेकर कार्यक्रम करना होगा। स्थानीय कांग्रेसियों से भी इस मामले में चर्चा नहीं हो रही है। पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन को लेकर आगे की रणनीति बनाते थे, संगठन को इससे क्या लाभ-हानि होगी उसे भी जोड़ा जाता था। जिस तरह से अभी निगम में नेताप्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने बगैर शहर कांग्रेस को विश्वास में लिए फूटी कोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी को लेकर गिनती के कांग्रेसी और एक पार्षद के साथ प्रदर्शन करने पहुंची थी जिसका खामियाजा भी निगम नेताप्रतिपक्ष को जेल जाकर भुगतना पड़ा था। इस मामले में नेताप्रतिपक्ष अलग-थलग नजर आई। कुछ कांग्रेसी लिख रहे हैं कि अब कांग्रेस क़ो एकजुटता की आवश्यकता है, बगैर शहर कांग्रेस की स्वीकृति के काम नहीं होना चाहिए यही स्थिति जिला कांग्रेस में भी होना चाहिए। कांग्रेस को जहां अभी मतदाता सूची पर काम करना चाहिए वह काम नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस को कल जहां बूथ रक्षक की घोषणा करना थी वह घोषणा भी कांग्रेस नहीं कर पाई और कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का सब्जी मंडी के लिए प्रदर्शन का ऐलान हो गया उसमें सभी कांग्रेसियों को एकजुट होना पड़ा और प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर भीड़ भी जुटी। ऐसा ही अब कांग्रेसी मान रहे हैं कि कांग्रेस को एकजुट होकर काम करना होगा नहीं तो भाजपा सरकार में कांग्रेसियों पर आए दिन मुकदमे लगेंगे और उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है।



मंत्री की कार रुकवाने के लिए सामने खड़ा हो गया युवक

इंदौर। मंत्री तुलसीराम सिलावट का काफिला कल जब सयाजी चौराहा से गुजर रहा था तभी एक युवक उनकी कार के सामने आ गया और कार रुकवाने की कोशिश करने लगा। जब युवक सामने आया तो मंत्री के गार्ड ने कार से उतरकर तुरंत उसे हटाया लेकिन वह हटने को तैयार नहीं था। इसके बाद विजयनगर पुलिस ने युवक को पकड़ा। बताया जा रहा है वह सामान्य स्थिति में नहीं था। जब युवक अचानक कार के सामने आ गया तो मंत्री सिलावट भी अचंभित हो गए।

भाजपा के वरिष्ठ आज देंगे मार्गदर्शन

सेवादूत अभियान एवं विधानसभा समन्वयकों की कार्यशाला शुरू



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि आज सुपर कारिडोर स्थित होटल रिसोर्ट में सेवादूत अभियान एवं विधानसभा समन्वयकों की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर मार्गदर्शन देंगे। मिली जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हो सकते हैं, लेकिन अभी आने का प्रोग्राम तय नहीं हुआ है। सुमित मिश्रा ने बताया कि 1 से 25 दिसम्बर तक सेवादूत अभियान चलाया जाएगा। इसके अन्तर्गत व्यवस्था टोली में लगे कार्यकर्ता कार्य करेंगे। इसमें अनुभवी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। व्यवस्था की दृष्टि से इंदौर संगठन को नम्बर-1 माना जाता है। इस अभियान में कार्यकर्ता अपनी लोकसभा छोड़कर दूसरी लोकसभा में 25 दिन का समय देंगे। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश एवं संगठन के लिए 25 वर्ष दिये है तो कार्यकर्ता होने के नाते हमें देश और संगठन के सशक्तिकरण के लिये 25 दिन देना है।

व्यवस्था टोली की बैठक

आज की कार्यशाला को लेकर कल होटल में भाजपा की व्यवस्था टोली ने बैठक आयोजित की थी। इसमें संभाग प्रभारी रणवीरसिंह रावत, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य नगर के पदाधिकारी भी शामिल हुए थे। कल हुई बैठक में कैलाश पिपले, महेश कुकरेजा, अनंत पंवार, शेखर चौधरी, नितिन शर्मा, गौतम शर्मा, दीप्ति हाडा, नेहा शर्मा, मंजू ठाकुर, नारायण पालीवाल, विशाल यादव, वरुण पाल, हेमराज वाडिया, गोविंद पंवार, राजा कोठारी, सौरभ खण्डेलवाल, दीपेश पचोरी, सुखविंदर मन्नी भाटिया, श्रेष्ठा जोशी, नागेश पंवार, पवन पंवार सहित अन्य मौजूद थे।

महिला मोर्चा की टीम हो रही तैयार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष पद पर काबिज हुई श्रेष्ठा जोशी अब मोर्चा में महिला पदाधिकारियों की टीम का कुनबा बनाने की तैयारी कर रही है, जो जानकारी मिली उसके मुताबिक अध्यक्ष बनने में मदद करने वाली विधायक मालिनी गौड़ के नाम को वे महामंत्री पद पर ले जा सकती है। प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर चाहते हैं कि सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति होकर संगठन मजबूती के साथ चले। इसी के चलते महिला मोर्चा की टीम भी अभी कागज़ी तौर पर तैयार हुई है। सूत्र यह भी बता रहे हैं कि अभी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा से चर्चा कर इकाई की स्वीकृति लेना बाकी है। बताया जा रहा है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खेमे को विधानसभा 1 से ज्यादा मातृशक्तियों को लेकर उपकृत किया जा सकता है। बताया यह भी गया है कि मालिनी गौड़ से जुड़ी रेखा शर्मा को महामंत्री बनाया जा सकता है। विधानसभा 4 से जुड़ी मीणा मानधन्या, अनिता पाल, युक्ता शर्मा को भी महिला मोर्चा में शामिल किया जा सकता है। विधानसभा 1 से शीला गुप्ता, सुनीता जयपाल, सुनीता भालसे, नीलम दुबे और लीना बाहेती का नाम सामने आ रहा है। विधानसभा 1 से आभा जानी और श्रेया उपासनी का नाम भी सामने आ रहा है। विधानसभा 3 से खुद श्रेष्ठा जोशी और महामंत्री माधुरी जायसवाल दोनों पदाधिकारी है इसलिए अब यहां से एक पदाधिकारी ही लिया जा सकता है। विधानसभा 5 से विनीता कुमार, नारायणी बरेठा, सुनीता पाठक, मीनू शर्मा और अश्मिता ठाकुर का नाम आ सकता है तो राऊ से जूली, सोनकिया केजरीवाल और अनुजा पंडित का नाम सामने आ रहा है, ये नाम विधायक मधु वर्मा ने दिए हैं जो पहले ही जोशी के संपर्क में हैं। सांवेर के शहरी क्षेत्र से उमा राजपूत, देपालपुर के शहरी क्षेत्र से रचना रघुवंशी का नाम सामने आ रहा है, अभी इन नामों पर चर्चा चल रही है। देखना होगा कि श्रेष्ठा जोशी इन नामों को कब आगे बढ़ाकर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा तक पहुंचाती है और स्वीकृति भोपाल से आती है।

दोषी अधिकारियों का प्रमोशन उपकृत से कम नहीं -कांग्रेस

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने सीधा आरोप लगाया कि शासन अभी दोषी अधिकारी को भी प्रमोशन देकर उपकृत कर रहा है। कुछ दिन पहले भागीरथपुरा दूषित जलकांड में कई लोगों की मृत्यु हुई थी। द्विवेदी ने कहा कि मेरे और अन्य लोगों द्वारा न्यायालय में इस मामले में याचिका भी लगाई गई थी। इस मामले में जो दोषी अधिकारी थे उन्हें कुछ आराम देकर प्रमोशन देकर उपकृत कर दिया गया एक नहीं तीन अधिकारियों को भाजपा सरकार ने उपकृत किया, जबकि जांच रिपोर्ट में यह तीनों अधिकारी दोषी करार दिए गए थे।

गोपाल मंदिर परिसर की 43 दुकानें बनीं सिरदर्द

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम की स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा ऐतिहासिक गोपाल मंदिर के पास में बनाए गए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की 43 दुकानें उसके लिए सिरदर्द बन गई हैं। इन दुकानों को लेने के लिए कोई कारोबारी आगे नहीं आ रहा है। अब नगर निगम एक बार फिर इन दुकानों का आवंटन करने की कोशिश में है।

निगम के द्वारा जब राजवाड़ा की दीवार से लगकर कारोबार करने वाले लोगों को हटाया गया था तो उस समय यह ऐलान किया गया था कि इस क्षेत्र में गुमटी लगाकर काम करने वालों की सुविधा के लिए निगम मार्केट बनाएगा। इस घोषणा के अनुसार स्मार्ट सिटी कंपनी के द्वारा गोपाल मंदिर के पास में एक बड़ा व्यावसायिक परिसर बनाया गया। इस परिसर की दुकानों को प्रवेश अधिकार शुल्क के आधार पर आवंटित किया गया है। इस परिसर के नीचे की मंजिल की दुकानें तो आसानी के साथ चली गईं लेकिन ऊपर की मंजिल की दुकानों को लेने में कोई भी रुचि नहीं दिखा रहा है।

स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि अभी नीचे की मंजिल में चार दुकानें और ऊपर की मंजिल में 39 दुकानें खाली हालत में हैं। इन दुकानों का आवंटन करने के लिए नगर निगम के द्वारा स्मार्ट सिटी कंपनी के माध्यम से कई बार कोशिश की जा चुकी है। इस तरह की किसी भी कोशिश का अब तक कोई अच्छा परिणाम निकल कर सामने नहीं आया है। अब एक बार फिर नगर निगम इन दुकानों का आवंटन करने के लिए कोशिश कर रहा है। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्रवेश अधिकार शुल्क के नाम पर नगर निगम गाइडलाइन के हिसाब से दुकान का पैसा लेना चाहता है और उसके बाद भी दुकान को किराए पर ही देना चाहता है। इस स्थिति के कारण ही खास तौर पर व्यापारी इन दुकानों को लेने के लिए तैयार नहीं हैं।

4 सड़कों की चौड़ाई घटाने के बाद अब तोड़फोड़ के निशान लगाने की तैयारी

चारों सड़कों का निर्माण जल्द शुरू करने के आयुक्त ने दिए निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के द्वारा चार सड़कों की चौड़ाई को घटाने के बाद अब उन पर तोड़फोड़ के निशान लगाने की तैयारी की जा रही है। निगम आयुक्त ने इन चारों सड़कों का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

सड़कों की चौड़ाई को लेकर निगम अधिकारियों और जनता के बीच में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इस स्थिति के बीच क्षेत्र के विधायक सक्रिय हुए और उनके द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से चौड़ाई को कम करवाने का प्रयास किया गया। विधायकों को इस प्रयास में सफलता मिली और सरकार के द्वारा चार सड़कों की चौड़ाई को कम करने के निर्देश नगर निगम को दे दिए गए हैं।

इन सड़कों में शामिल जंजीर वाला चौराहा से अटल द्वार तक बन रही सड़क के लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल से लेकर अटल द्वार तक के हिस्से की चौड़ाई कम की गई है। यहां पर नगर निगम ने तोड़फोड़ के निशान लगाने का काम 2 दिन से शुरू कर दिया है। इसके बाद जमजम चौराहा खजराना से लेकर रिंग रोड तक बनने वाली सड़क की चौड़ाई को भी कम किया गया है। यहां पर नगर निगम तोड़फोड़ के लिए निशान लगाने की तैयारी में है। इसके अलावा मदरसा से जमजम चौराहा तक बनने वाली सड़क की भी चौड़ाई कम हुई है। वहां पर भी नगर निगम जल्द से जल्द तोड़फोड़ के लिए लोगों की सुविधा की दृष्टि से निशान लगाना चाहता है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुभाष मार्ग पर भी जल्द ही निशान लगाया जाना है। इन तीन सड़कों पर निशान लगाने, तोड़फोड़ होने और काम शुरू होने के बाद ही सुभाष मार्ग का नंबर लिया जाएगा। नगर निगम के द्वारा केंद्र सरकार से मिले 465 करोड़ रुपए की लागत से मास्टर प्लान में प्रावधान की गई 23 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इसमें से 18 सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है। बची हुई पांच सड़कों का निर्माण भी नगर निगम शुरू कर देना चाहता है। इसके साथ ही निगम की ओर से यह कोशिश भी की जा रही है कि वर्ष 2027 में इनमें से कुछ सड़कों के निर्माण को पूरा कर उनका लोकार्पण कर दिया जाए।

शहर में 300 नए बोरिंग कराने का फैसला आज

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम की महापौर परिषद की आज होने जा रही बैठक में शहर में 300 स्थानों पर नए बोरिंग करने का प्रस्ताव रखा गया है।

महापौर परिषद की बैठक में रखा प्रस्ताव

इस साल कम बारिश होने के कारण शहर में पानी का संकट पैदा होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। ऐसे में नगर निगम द्वारा संकट की संभावना वाले क्षेत्रों में बोरिंग करवाया जाना है। आज दोपहर में महापौर परिषद की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए रखा गया है। इसके साथ 31 अन्य प्रस्ताव भी रखे गए हैं। इन प्रस्तावों में शहर के गैंट्री बोर्ड पर विज्ञापन के प्रदर्शन का अधिकार देने का प्रस्ताव शामिल है। इस बैठक में विज्ञापन के अधिकार के आधार पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा बहुत सारी सड़कों और चौराहों के नामकरण का प्रस्ताव रखा गया है। लिट चौक और किशोर अलंकरण समारोह के लिए अनुदान देने का प्रस्ताव आज की बैठक में शामिल किया गया है।



सरस्वती नदी में गंदा पानी छोड़ने पर 40 हजार का जुर्माना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम इंदौर द्वारा शहर की नदियों के संरक्षण एवं औद्योगिक अपशिष्ट जल के उचित निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निर्देशानुसार किए गए ड्रोन सर्वे के दौरान जोन क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 75 अंतर्गत ग्राम बिजलपुर में सरस्वती नदी में अनुपचारित अपशिष्ट जल छोड़े जाने के साक्ष्य सामने आए। जांच में टीएम एंटरप्राइजेज संचालक हरीश भोसले द्वारा बिना ट्रीटमेंट किए औद्योगिक अपशिष्ट जल सरस्वती नदी में प्रवाहित किया जाना पाया गया। निगम की तकनीकी टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फैक्ट्री संचालक द्वारा अपशिष्ट जल का उचित उपचार किए बिना उसे सरस्वती नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त फैक्ट्री संचालक द्वारा कंसेंट टू ऑपरेट तथा ETP के रखरखाव एवं फ्लो रिकॉर्ड से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नगर निगम द्वारा टीएम एंटरप्राइजेज के विरुद्ध 40 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई की गई।

एक बार फिर निगम के रिमूवल विभाग की महिला के हाथ में कमान

द्वारकापुरी कॉलोनी सब्जी मंडी में हुए विवाद के बाद निगम का फैसला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा एक बार फिर सबसे महत्वपूर्ण रिमूवल विभाग की कमान एक महिला अधिकारी के हाथ में दे दी गई है। यह फैसला हाल ही में हुए द्वारकापुरी कॉलोनी सब्जी मंडी विवाद के बाद निगम प्रशासन के द्वारा लिया गया है।

पिछले दिनों नगर निगम के द्वारा द्वारकापुरी कॉलोनी में सड़क पर लगने वाली सब्जी मंडी को हटाने की कार्रवाई की गई थी। जो कार्रवाई की गई थी उस समय भी इस कार्रवाई का बहुत विरोध हुआ था और खास तौर पर सब्जी बेचने वाली महिलाओं के द्वारा मोर्चा संभाला गया था। उस समय तो जैसे-तैसे करके नगर निगम के द्वारा अपनी कार्रवाई को पूरा कर लिया गया था। इसके बाद में अगले दिन नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट मैदान में उतरी थीं। जब वे वहां मौके पर पहुंची थीं तो फिर हालात बिगड़ गए थे। इन बिगड़े हुए हालात में विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया था कि नेता प्रतिपक्ष के द्वारा एक निगम कर्मी को चांटा मार दिया गया था। इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद उन्होंने आरोप लगाया था कि निगम के कर्मी महिलाओं को गलत स्थान पर टच कर रहे थे इसलिए उन्हें चांटा मारना पड़ा। इस घटनाक्रम से एक बार फिर यह संदेश मिला कि रिमूवल गैंग के साथ कुछ महिला कर्मचारी होने से ही काम नहीं हो सकता है।

ऐसी स्थिति में सभी को यह स्मरण हुआ कि नगर निगम आयुक्त रहते हुए आशीष सिंह ने रिमूवल विभाग की कमान उस समय की उपायुक्त लता अग्रवाल को सौंपी थी। तब यह माना जा रहा था कि महिला को रिमूवल विभाग की कमान देने पर कई परेशानियां आएंगी लेकिन आशीष सिंह ने लता अग्रवाल पर भरोसा जताया। अग्रवाल ने शहर में कई बड़ी-बड़ी रिमूवल कार्रवाइयों को अंजाम दिया। महिला होने के कारण यह भी फायदा हुआ कि ज्यादातर लोग महिला अधिकारी से विवाद नहीं करते थे। इस सबक से सीख लेकर एक बार फिर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने इसे दोहराते हुए राजस्व विभाग की उपायुक्त गरिमा पाटीदार को राजस्व विभाग के साथ-साथ ही रिमूवल विभाग का उपायुक्त बनाया है। अब देखना है कि गरिमा पाटीदार भी लता अग्रवाल की तरह रिजल्ट दे पाती हैं या नहीं। वैसे पाटीदार को नगर निगम में जैसे ही नियुक्ति मिली वैसे ही उन्हें सबसे महत्वपूर्ण राजस्व विभाग की कमान दे दी गई है। अब दूसरे महत्वपूर्ण विभाग के रूप में रिमूवल भी उनके पास आ गया है। ऐसे में इस महिला अधिकारी के पास जिम्मेदारी बढ़ गई है।

शादी, भंडारे और व्यावसायिक संस्थाओं का कचरा उठाने के लिए बुलाइए ऑन डिमांड कचरा गाड़ी

नगर निगम आज एमआईसी बैठक में प्रस्ताव को देगा मंजूरी, इसके बाद शहर में लागू होगी व्यवस्था

कचरा गाड़ी नहीं आने का बहाना कर रात में कचरा फेंकने वालों पर लगेगी लगाम, 311 ऐप पर गाड़ी बुलाने की सुविधा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर की सफाई व्यवस्था में अब निजी भागीदारी बढ़ाने की तैयारी है। नगर निगम घरों, होटल-रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन, कार्यालयों, कॉरपोरेट संस्थानों, पार्कों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से मांग के आधार पर कचरा उठवाने की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इसके लिए निजी एजेंसी का चयन किया जाएगा। आयोजन या संस्थान में जमा कचरा उठवाने के लिए नगर निगम के 311 ऐप के माध्यम से मांग दर्ज कराई जा सकेगी। कचरे की मात्रा के हिसाब से परिवहन शुल्क लिया जाएगा। शनिवार को होने वाली महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी। बैठक में कुल 31 प्रस्तावों के साथ 11 नामकरण प्रस्ताव भी रखे गए हैं।

4 नए फुट ओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव

यातायात सुधार के लिए 10 चौराहों पर 140 नए विज्ञापन गैंट्री लगाने और 15 साल के विज्ञापन अधिकारों के बदले चार नए फुट ओवरब्रिज बनाने की अनुमति देने संबंधी प्रस्ताव रखे गए हैं। शहर के बस स्टेशनों और फुट ओवरब्रिजों पर विज्ञापन के अधिकार देने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा।

पानी, यातायात और आवास से जुड़े प्रस्ताव

बैठक में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए 33 नए टैंकर खरीदने, कम बारिश के कारण 300 नए नलकूप लगाने तथा 100 पुराने नलकूपों पर मोटर पंप लगाने के लिए बजट पुनर्विनियोजन पर चर्चा होगी। नर्मदा जलप्रदाय योजना के 180 एमएलडी क्षमता वाले संयंत्र के संचालन-संधारण की अवधि एक वर्ष बढ़ाने और पानी की बर्बादी रोकने के लिए कॉल सेंटर शुरू करने का प्रस्ताव भी है।

311 ऐप से बुक होगी कचरा उठाने की सुविधा

नगर निगम अब नियमित कचरा संग्रहण के अलावा जरूरत के मुताबिक कचरा उठाने की व्यवस्था भी करने जा रहा है। घरों में छोटे आयोजन, मैरिज गार्डन, होटल-रेस्टोरेंट, हॉस्टल, पार्क, कार्यालय या कॉरपोरेट संस्थानों में अधिक मात्रा में कचरा निकलने पर निजी एजेंसी के माध्यम से उसे उठवाया जा सकेगा। इसके लिए एजेंसी चयन का प्रस्ताव रखा गया है। निगम कचरे की मात्रा के अनुसार शुल्क तय करेगा। इससे लोगों को आयोजन के बाद कचरा हटवाने के लिए अलग से व्यवस्था करने की जरूरत नहीं होगी और शहर में खाली प्लॉटों या सड़कों पर कचरा फेंकने की समस्या रोकने में भी मदद मिलेगी।

एजेंडे से गायब हुआ पेड पार्किंग का प्रस्ताव

सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए एमआईसी में प्रस्ताव रखने की तैयारी की जा रही थी लेकिन महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा पार्किंग शुल्क नहीं लिए जाने के निर्णय के बाद अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को एमआईसी बैठक में फिलहाल रखना उचित नहीं समझा और एमआईसी एजेंडे से यह प्रस्ताव फिलहाल बाहर कर दिया गया है।



अभी भी पहुंच रहे हैं प्रतिबंधित क्षेत्र में ई-रिक्शा

पुलिस अभी रोक रही है, समझाइश दे रही है, अभी चालानी कार्रवाई से दूर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने तीन क्षेत्रों में ई-रिक्शा प्रतिबंधित के निर्देश दिए थे। अभी प्रथम दौर में इन प्रतिबंधित क्षेत्र में भी ई-रिक्शा पहुंच रहे हैं, लेकिन पुलिस उन पर अभी कार्रवाई करने के बजाए उन्हें समझा रही है, प्रतिबंधित मार्ग पर ई-रिक्शा जाने से रोक रही है। कल भी यातायात पुलिस ने इन तीन मार्गों पर 350 से अधिक ई-रिक्शा को आने-जाने से रोका उन्हें डायवर्ट किया और नियमों का हवाला देकर उल्लंघन पर कार्रवाई की बात भी कही। पलासिया, विजयनगर, रीगल, राजवाड़ा, मृगनयनी एवं राजीव गांधी सर्किल, लवकुश आदि स्थानों पर यातायात पुलिस की टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए 350 से अधिक ई-रिक्शा को प्रतिबंधित मार्गों पर जाने से रोका गया तथा उन्हें वैकल्पिक मार्गों की ओर डायवर्ट किया गया। यातायात पुलिस द्वारा पलासिया चौराहे पर ड्रोन के माध्यम से भी ई-रिक्शा की निगरानी की गई। ड्रोन सर्विलांस के जरिए प्रतिबंधित मार्गों की ओर जाने वाले ई-रिक्शा पर नजर रखी गई तथा प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे ई-रिक्शा को यातायात पुलिस की टीमों द्वारा मौके पर ही रोककर डायवर्ट किया गया।

मृत पशुओं के निपटान के प्लांट का काम 10 दिन में हो पूरा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने ट्रेंचिंग ग्राउंड देवगुराड़िया का निरीक्षण किया। वहां संचालित एवं निर्माणाधीन विभिन्न प्लांटों की कार्यप्रगति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारी प्रखर सिंह, सुमित अस्थाना अन्य भी मौजूद थे। अधिकारियों ने प्लांटों के संचालन और व्यवस्था की जानकारी दी। वहां बन रहे मृत पशुओं के निपटान के निर्माणाधीन प्लांट का अवलोकन करने के बाद जो काम बचा उसे 10 दिन में पूरा करने के निर्देश भी दिए। कोकोनट प्लांट का शेष कार्य 1 माह में पूर्ण हो। साथ ही समय सीमा में सभी कार्य पूर्ण हो और उनकी गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए, इसके निर्देश भी दिए।



सब्जी और फल मंडी की व्यवस्था चाकचौबंद की जाए

आयुक्त ने कहा- पेयजल, प्रकाश ठीक हो, गड्ढों में चूरी डाली जाए और सफाई भी करवाई जाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

चंदननगर चौराहा के समीप स्कीम नं. 71 में रिक्त पड़ी शासकीय भूमि पर स्थानांतरित की गई फल-सब्जी मंडी के लिए जगह का निरीक्षण नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने किया। अधिकारी प्रखर सिंह और शिवराजसिंह यादव मौजूद थे। आयुक्त ने कहा कि फल एवं सब्जी विक्रेताओं तथा आने वाले ग्राहकों के लिए निर्धारित स्थल का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्थल पर आवश्यक संधारण कार्य पूर्ण कराने तथा पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आयुक्त द्वारा स्थल पर फल एवं सब्जी विक्रेताओं की सुविधा तथा कठिनाई नहीं हो इसको देखते हुए सुविधाघर, विद्युत प्रकाश, पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से रखने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा स्थल पर आने वाले नागरिकों एवं फल-सब्जी विक्रेताओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मैदान क्षेत्र में आवश्यकतानुसार चूरी डालने के निर्देश भी दिए गए।



बिना अनुमति के चल रही मीट दुकानों से डेढ़ लाख से अधिक वसूले, सील भी लगाई गई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम के मीट अपशिष्ट प्रबंधन विभाग द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि निगम की मीट अपशिष्ट प्रबंधन टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीट दुकानों के निरीक्षण के दौरान बकाया मीट अपशिष्ट शुल्क के रूप में कुल 1,54,000 रु. की वसूली भी की गई। मीट प्रभारी राजेश पथरोड़ ने बताया कि ज़ोन क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 58 के अंतर्गत बड़वाली चौकी में बिना अनुमति के दुकान संचालित करने पर दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई।

सम्भागायुक्त ने किया कालेज और स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत संभाग आयुक्त भास्कर लाक्षाकार ने देपालपुर पहुंचकर शहीद भागीरथ सिलावट महाविद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देपालपुर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ओपीडी, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), आयुष्मान योजना, चिकित्सकों की उपस्थिति, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे कक्ष एवं भोजनशाला सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, उपचार सुविधाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में पाई गई कमियों पर सम्भागायुक्त ने बीएमओ एवं सीएमएचओ को कमियों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए।





डायमंड पैलेस कॉलोनी विवाद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। 39 साल पुरानी डायमंड पैलेस कॉलोनी के 1300 प्लॉटधारकों पर इन दिनों बेदखली का संकट मंडरा रहा है। रहवासियों का आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों और स्टांप चोरी के जरिए कॉलोनी की जमीन हड़पने के बाद अब प्रशासनिक प्रभाव का इस्तेमाल कर उनके मकान तोड़े जा रहे हैं। यह जानकारी इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में रहवासियों का पक्ष रखते हुए एडवोकेट गजेंद्र शर्मा और शवनम खान ने दी। उन्होंने बताया कि 1987 में पंजीयन क्रमांक डीआर/आईडीआर/443 से पंजीकृत डायमंड गृह निर्माण सहकारी संस्था ने हाजी हबीब से जमीन खरीदकर 1300 प्लॉट आवंटित किए थे। 1990 में पलासिया थाने में दर्ज अवैध कॉलोनी के मामले में इंदौर कोर्ट ने हाजी हबीब व पदाधिकारियों को बरी कर दिया था, जिस पर हाईकोर्ट ने भी शासन की रिवीजन खारिज कर दी थी। पूर्ण विकसित कॉलोनी में नर्मदा लाइन, पानी की टंकी, ड्रेनेज और पक्की सड़कें हैं। रहवासियों के पास रजिस्ट्री-नोटरी हैं और वे 1990 से मतदान करने के साथ नगर निगम को सभी कर भी चुका रहे हैं।

सर्वोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने कई प्रतियोगिताओं में जीते पुरस्कार






इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर के मध्य सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार के विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव समारोह के पहले विद्यार्जन के साथ प्रतियोगी गेम भी कराए जाते हैं।

इसी कड़ी में प्रतियोगिता के अन्तर्गत श्री लेग्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं बलून प्रतियोगिता भी कराई गई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शिरकत कर प्रतियोगिता जीतने की पूरी कोशिश की। प्रथम और द्वितीय आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जानकारी प्राचार्य सोनाली दुबे ने दी।

सवा लाख पुच्छीसुणम मंगल आराधना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

साधुमार्गी जैन समता संघ के पारस बोहरा, मनीष बोहरा ने बताया कि संतों के सान्निध्य में सवा लाख पुच्छीसुणम मंगल आराधना आयोजन ज़ानकी नगर स्थानक में किया जा रहा है। आदित्य मुनि म.सा. एवं रामदर्श मुनि म.सा. ने प्रेरक उदबोधन दिया। आचार्यश्री रामलाल म.सा. ने भगवान महावीर स्वामी के दीक्षा कल्याणक दिवस 3 दिसम्बर को संयम दिवस के रूप में मनाने का आह्वान किया है। यह महाअनुष्ठान आज से प्रारम्भ होकर 6 दिसम्बर तक चलेगा जिसके तहत एक लाख 25 हजार मंगल आराधना का शुभ अवसर सभी साधकों को उपलब्ध रहेगा। इस दौरान प्रत्येक श्रावक-श्राविका प्रतिदिन 11 पुच्छीसुणम की आराधना का व्रत करेंगे। यह आराधना स्थानक, उपाश्रय या अपने घर पर भी की जा सकेगी। शहर में विराजित शासन दीपक पद्ममुनि म.सा., जानकी नगर में विराजित आदित्य मुनि म.सा., समता भवन यशवंत निवास रोड पर विराजित शासन दीपिका श्री कांताजी म.सा. आदिठाना के पावन सानिध्य में 3 दिसम्बर को एक-एक सामायिक के साथ यह आराधना होगी। बाबूलाल पितलिया, अरुण मेहता, रतनलाल खिन्दावत, गजराज बेताला, राजेन्द्र बोहरा सहित अन्य आयोजन में मौजूद थे।

रणजीत महिला मंडल ने कराया अन्नकूट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। रणजीत मंडल अध्यक्ष रेखा काकानी, सचिव प्रतिभा राठी, संस्थापिका लता झंवर, निशा भूतड़ा, मनीषा भराणी ने बताया कि 300 मातृशक्तियों की मौजूदगी में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। नेत्रहीन विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और भजन प्रस्तुत किए गए। दीपावली पर आधारित तम्बोला और अन्य प्रतियोगी गेम खिलाए गए। अन्नकूट महोत्सव में महाआरती और प्रसादी का आयोजन भी हुआ।



क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज का सामूहिक विवाह कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज का निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह कल 29 नवम्बर रविवार को बाबाश्रा रिसोर्ट में होगा। देशभर के कुमावत समाज के परिवार शामिल होंगे। 7 जोड़े विवाह बंधन में बंधेगे। सतीश देवाल ने बताया कि सम्मेलन की शुरूआत 6 बजे श्री गणेश पूजन से शुरू होगी। मण्डप, सामूहिक विवाह शोभायात्रा, शुभलग्न एवं शाम 4 बजे विदाई समारोह होगा। आयोजन की तैयारी के लिए 150 कार्यकर्ताओं की समिति बनाई गई है। आयोजन से नानूराम कुमावत, जीवन पालड़िया, राहुल रावरिया, दिलीप चौधरी, अभय मोरवाल, चंकी टिकोलिया, राकेश सर्वा, रवि धनेरिया, कैलाश चोरमा, सदाशिव मेरावंडिया, गोपाल खटोड़, सूर्यकुमार ओस्तवाल, ओमप्रकाश चोरमा, नरेन्द्र पिलोदिया, राहुल डूंगरवाल जुड़े हुए है।

दीक्षार्थी बहुमान समारोह कल सुबह होगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मोरसली गली ट्रस्ट महावीर बाग इन्दौर, रामबाग दादा वाडी संस्थान ट्रस्ट द्वारा श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ श्रीसंघ, श्री जैन नया मंदिर के साथ दीक्षार्थी बहुमान समारोह में मुमुक्षु प्रियंका छाजेड़ का बुहमान कल रविवार की सुबह 9.15 बजे महावीर बाग बिजासन रोड पर किया जाएगा। संतों का सानिध्य भी मिलेगा।

सुन्नतों भरे इज्तिमा को लेकर तैयारियों के साथ आज से आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



खजराना में दावते इस्लामी इंडिया के दो दिवसीय सुन्नतों भरे इज्तिमा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई। इन व्यवस्थाओं को लेकर वॉलंटियर्स की बैठक भी आयोजित की गई थी। इस मामले में पुलिस अधिकारी आशीष पटेल और कृष्णपाल यादव ने भी पूरी जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए थे। सैयद वाहिद अली, इम्तियाज, मोहसीन अत्तारी, नासिर खान, शेख मेहमूद आयोजन से जुड़े हैं। दो दिवसीय आयोजन में तालीम, समाज सुधार और इंसानियत की खिदमत को लेकर भी चर्चा होगी।



पौधारोपण का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। मालव मंथन ने भारत वाटिका के अन्तर्गत पौधारोपण का आयोजन किया। पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

रैली और नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। वीर टंट्या नगर तेजपुर गड़बड़ी में स्कूली विद्यार्थियों के बीच रैली और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, समानता, स्वतंत्रता, न्याय, सम्मान और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने जैसे संवैधानिक मूल्यों को सरल भाषा में प्रस्तुत कर जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बस्ती के अनेक समुदाय के लोग शामिल हुए और बच्चों के इस प्रयास का उत्साह बढ़ाया। इस पहल के माध्यम से बच्चों ने स्वयं नेतृत्व करते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।



'लर्निंग टू लर्न' कार्यशाला आयोजित



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। कराडी पाथ एजुकेशन ने 'लर्निंग टू लर्न' कार्यशाला आयोजित की। बच्चों को बताया कि एआई के दौर में बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित होगी, स्वतंत्र सोचने और समझने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए मेटा-लर्निंग पर जोर दिया गया। सीपी विश्वनाथ, प्रीतिका वेंकटाकृष्णन ने संबोधित किया।

सस्टेनेबल मैरिज पर कार्यशाला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिम्मी और जनक मगिलिगन फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट ने जिम्मी और जनक दीदी की शादी की सालगिरह के अवसर पर उनके निवास 'गिरिदर्शन' सनावदिया में विशेष कार्यशाला सस्टेनेबल मैरिज के लिए सस्टेनेबल विकल्प का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जीवांश बत्रा के शंखनाद तथा जनक दीदी, प्रिया शर्मा एवं डॉ. प्रकाश कौशल की बहाई प्रार्थनाओं से हुई। डॉ. जनक पलटा ने वैवाहिक जीवन के अनुभव सांझा किए।



कल होगी संगीतशाला

ट्रांस और क्वियर अधिकारों की उठेगी आवाज

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.) तपिश फाउंडेशन द्वारा कल 29 नवंबर को 'संगीतशाला' का आयोजन किया जाएगा। 'क्वियर बेगमपुरा : हमारे सपनों की दुनिया' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम कला, संगीत, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए जाति-विरोधी, जेंडर-समावेशी और भेदभाव-मुक्त समाज की परिकल्पना को आगे बढ़ाएगा। यह बात इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में फाउंडेशन की अवनि, निकुंज जैन और विहान वी ने कही। उन्होंने बताया कि यह आयोजन संत रविदास की बेगमपुरा की अवधारणा, क्वियर नारीवादी व जाति-विरोधी विमर्श तथा जेंडर हिंसा के खिलाफ 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले 16 दिवसीय वैश्विक अभियान से जुड़ा है।

लोक संस्कृति से हिन्दी के सफर तक मंथन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



डेली कालेज में इंदौर लिटरेचर फेस्टिवल के संस्करण का शुभारम्भ कल किया गया। नवोदित लेखकों, फिल्म कलाकारों और हिन्दी के योगदान पर संवाद हुए। लोक संस्कृति, लेखन, हिन्दी भाषा के इतिहास और नई पीढ़ी की रचनात्मकता पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए। लोक गायिका, अभिनेत्री और लेखिका इला अरुण के साथ 'भारत की माटी की ठेठ ठसक' विषय पर विशेष संवाद हुआ। इस दौरान उन्होंने मालवा की मिट्टी की साहित्यिक और सांस्कृतिक समृद्धि की सराहना करते हुए कहा कि, इंदौर जैसे शहर में साहित्य का इतना सुंदर आयोजन होना गौरव की बात है। गायक सुनील लोधी ने भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाया, वहीं बाल कलाकार विहान शेडगे के साथ 'हनुमान अंश' फिल्म से जुड़े अनुभवों पर भी संवाद हुआ।



दत्त माऊली संस्थान में पालकी उत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पलसीकर कॉलोनी स्थित श्री दत्त माउली सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान में पालकी उत्सव के अन्तर्गत भगवान श्री गणेश और मल्हारी मार्तंड की पालकी का आयोजन किया गया। महिला-पुरुष शामिल हुए। अण्णा महाराज का सान्निध्य मिला। आज शनिवार को शाम 6.30 बजे देवी श्री तुलजा भवानी माता एवं श्री महालक्ष्मी माता की पालकी यात्रा निकाली जाएगी।

जैन समाज के युवक-युवती का परिचय सम्मेलन

आज और कल दो दिनों तक होना है आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। दिगंबर जैन परवार सभा के संयोजन में अ.भा. सर्व दिगम्बर जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आज से रवीन्द्र नाट्यगृह में किया जा रहा है जो कल रविवार को भी जारी रहेगा। राकेश सिंघई, राजेश जैन, अनिल रावत ने बताया कि 1100 से अधिक प्रविष्टियां इस सम्मेलन के लिए आई है। परिचय पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है। अनिल जैन, देवेन्द्र जैन जनता, प्रदीप जैन, संदीप जैन, सुदीप जैन, आशीष जैन सूतवाला, अनिल जैन जैनको, संतीश डबडेरा, हेमंत मोदी आयोजन से जुडे है।



विश्वविद्यालय में युवा उत्सव का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के युवा उत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में अंतरमहाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'रोजगारपरक शिक्षा अधिक महत्वपूर्ण है या मूल्यपरक शिक्षा' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के 21 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने पक्ष-विपक्ष में भाग लेकर तर्क प्रस्तुत किए। प्रो. डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम दुबे, डॉ. रेखा आचार्य, डॉ. अद्विता खंडेलवाल, प्रो. पलक उपाध्याय सहित अन्य मौजूद थे।

लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता हेतु संवाद प्रतियोगिता



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संविधान दिवस के अवसर पर शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय, की यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा 'यूवा पार्लियामेंट' विषय पर संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के जीव रसायन विभाग में किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, संसदीय कार्यप्रणाली तथा सामाजिक एवं राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को संसद की कार्यप्रणाली को समझने, समसामयिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने तथा तार्किक संवाद एवं स्वस्थ चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने यूथ पार्लियामेंट की अवधारणा के अनुरूप विभिन्न संसदीय विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विभिन्न मुद्दों पर तर्कपूर्ण संवाद किया तथा संसदीय लोकतंत्र में चर्चा, असहमति और विचारों की अभिव्यक्ति के महत्व को प्रदर्शित किया। डॉ. तसनीम रंगवाला, डॉ. अनामिका जैन, डॉ. एम.एम.पी. श्रीवास्तव, डॉ. नागेश डगाँवकर, रिकेश कुमार वैश्य मौजूद थे।

ज्ञात-अज्ञात दिवंगतों की अस्थियों की मोक्ष यात्रा कल

राजवाडा पर पूजन के बाद ओंकारेश्वर के लिए होगी विदा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ज्ञात-अज्ञात दिवंगतों की अस्थियों को शास्त्रोक्त विधि एवं परम्परा के अनुरूप देश की पवित्र नदियों में विसर्जित करने वाली संस्था श्रद्धा सुमन सेवा समिति द्वारा कल रविवार 29 नवम्बर को सुबह 9 बजे राजवाडा स्थित अहिल्या उद्यान पर अस्थि कलश पूजन के पश्चात ओंकारेश्वर के लिए मोक्ष यात्रा निकाली जाएगी। हरि अग्रवाल, चेतन सेठिया, राजेन्द्र सोनी ने बताया कि मुक्तिधामों पर रखी हुई अस्थियों को एकत्र कर उनका अस्थि कलश पूजन के बाद इन अस्थियों को ओंकारेश्वर के लिए विदा किया जाएगा।

ब्राह्मण संगठन ने भेंट की 61 हजार की दवाइयां

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



ब्राम्हण सेवा संगठन के सर्व समाज सेवा प्रकल्प, निरामय सेवा संजीवन द्वारा एमवाय अस्पताल में भर्ती जरूरतमन्द मरीजों की सेवा के लिए करीब 61 हजार रु. मूल्य की दवाईयां 'सहायता' सीनियर सिटीजन ग्रुप के माध्यम से भेंट की गई। इस अवसर पर सत्येन्द्र शर्मा, नीलाभ सुगंधी, अनुपम तिवारी, राजेन्द्र-ममता शर्मा, राजकुमार हेमनानी, उमाकांत पटसारिया, राजेंद्र शर्मा, सरोज कौशिक, जितेन्द्र व्यास, मुकेश मामा, लक्ष्मीनारायण भार्गव, उमाशंकर पटसारिया, नरेन्द्र शर्मा, चेतन शर्मा, प्रतीक जोशी, आरती मिश्रा, ममता जोशी ने अपनी भूमिका निभाई।

आज पदमावती वेंकटेश मंदिर में अन्नकूट

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज शाम 6 बजे से श्री पद्मावती व्यंकटेश मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। टीम बिजासन के अध्यक्ष महेश राठी गुड्डा को जिम्मेदारी दी गई है कि प्रसादी में जूठा नहीं जाए इसका ध्यान टीम के साथ रखना है।

कल इंदौर रन इंदौर' मैराथन

तीन तरह की दौड़ में 25 हजार धावकों की होगी भागीदारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। यूनाइटेड इंदौर के बैनर तले महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में कल रविवार 29 नवम्बर को 'वन इंदौर रन इंदौर' मैराथन का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ दशहरा मैदान से होगा। शहर में फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली, जल संरक्षण और नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कल होने वाली इस मैराथान में तीन तरह की श्रेणी 10, 5 और 3 किलोमीटर की होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल संबोधन कर हरी झंडी दिखाएंगे। अब तक 15 हजार से अधिक प्रतिभागी पंजीयन करा चुके हैं। इस मैराथन में 25 हजार धावकों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पूर्व भारतीय फुटबॉलर रणजीत बजाज। तीन तरह की दौड़ में से 10 किलोमीटर की दौड़ में पेशेवर और अनुभवी धावक हिस्सा लेंगे। इसमें दिल्ली, मुंबई, राजस्थान और मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों से धावक शामिल होंगे। 5 किलोमीटर की दौड़ फिटनेस प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए होगी, जबकि 3 किलोमीटर की फैमिली रन में परिवार के सदस्य एक साथ दौड़कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश देंगे। ज़ुम्बा और फिटनेस गतिविधि का आयोजन भी होगा। विजेताओं को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। पंजीयन कर मैराथान में शामिल होने वाले को टी-शर्ट, पानी की बोतल, बैग और अन्य उपयोगी सामग्री युक्त गुडी बैग प्रदान किया जाएगा।

निरंजनपुर से मांगलिया तक का सालों पुराना अंधेरा होगा दूर

7 किमी लंबी सड़क पर सेंट्रल डिवाइडर और लाइटिंग के लिए 6 करोड़ 40 लाख होंगे खर्च

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

लोक निर्माण विभाग द्वारा पुराने एबी रोड़ देवासनाका क्षेत्र में निरंजनपुर चौराहा से मांगलिया रोड़ टाटा शोरूम लसूड़िया मोरी तक का सालों पुराना अंधेरा दूर करने और हादसों पर लगाम के लिए सेंट्रल डिवाइडर निर्माण और रोशनी के लिए 7 किमी लंबे हिस्से में आकर्षक लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के मुताबिक जिसके तहत देवास नाका क्षेत्र के लसूडिया मोरी के इस हिस्से में विभाग द्वारा लगभग 6 करोड़ 39 लाख रुपए के आसपास खर्चकर मुख्य सड़क के बीच के हिस्से में मजबूत 3 फीट ऊंची हाइट के सेंट्रल डिवाइडर का निर्माण किया जाएगा। साथ ही रोशनी के लिए आकर्षक तेज उजाले वाली लाइटिंग लगाई जाएंगी।

सवा दो सौ बिजली के पोल पर लगेंगी 450 से ज्यादा एलईडी

लोकनिर्माण विभाग सड़क निर्माण कार्य प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के मुताबिक करीब 7 किमी लंबी यानी 7000 मीटर लंबी सड़क पर सेंट्रल लाइटिंग लगाने के लिए लगभग पौने दो से सवा दो सौ के आसपास विद्युत पोल पर करीब 450 के आसपास तेज रोशनी वाली नई एलईडी लगाई जाएगी। यही नहीं इस कार्य के लिए विभाग द्वारा लगातार प्रयास कर ठेकेदार की तलाश के लिए सातवीं बार टेंडर संबंधित तमाम प्रोसेस और प्रक्रिया शुरू की है। जिसके लिए विभागीय तैयारियां भी शुरू हो गई है।

सबसे पहले सेंट्रल डिवाइडर का शुरू होगा निर्माण

यही नहीं करीब 7 किमी लंबे रूट पर आए दिन होने वाली छोटी - मोटी दुर्घटना और हादसों पर रोक के लिए जल्द नए साल से पहले सेंट्रल डिवाइडर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जिसके बाद आने नए साल में आकर्षक रोशनी के लिए नई तेज रोशनी वाली एलईडी लाइटिंग भी लगाई जाएगी ताकि पुराने एबी रोड़ वाले इस लसूडिया मोरी क्षेत्र का अंधेरा भी दूर हो जाएगा। जिसको लेकर अब तमाम तैयारियां शुरू हो गई है।



संकाय बदलकर यूजी और पीजी में एडमिशन लेने की व्यवस्था अगले साल खत्म होगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कॉलेजों में संकाय बदलकर यूजी और पीजी कोर्स में एडमिशन लेने वाले छात्रों को अगले साल से लीड कॉलेज में पहुंचकर पात्रता प्रमाण पत्र नहीं बनवाना होगा। न इंटरव्यू होगा। क्योंकि नई व्यवस्था पूरी तरह औपचारिकता बन गई थी।

औपचारिकता बनी नई व्यवस्था, तैयारी शुरू

जानकारी के अनुसार या तो यह व्यवस्था ही खत्म होगी या फिर प्रवेश परीक्षा की अनिवार्यता भी की जा सकती है। हालांकि ज्यादातर शिक्षाविद इस औपचारिकता को ही बंद करने के पक्ष में है।

यह हुआ था लागू

पीजी एडमिशन में जिन छात्रों को संकाय बदलकर(जैसे बीकॉम के छात्र को एमए में एडमिशन लेना हो) या फिर मैजर-माइनर विषय से हटकर किसी अन्य विषय में पीजी करना हो तो पहले प्रवेश परीक्षा का निर्णय हुआ था। फिर 2026-27 सत्र में इस बार तय हुआ था कि 55 जिलों में छात्र लीड कॉलेज में पहुंचकर इंटरव्यू दे सकेंगे। लीड कॉलेजों की सूची वेबसाइट पर जारी होगी। वहीं 12 वीं के वे छात्र जिन्हें संकाय बदलकर या फिर मुख्य विषय से हटकर किसी अन्य स्पेशलाइजेशन में ग्रेजुएशन करने पर भी उन्हें भी प्रवेश परीक्षा नहीं देना पड़ी। उन्हें भी सिर्फ लीड कॉलेज पहुंचकर इंटरव्यू ही देना था। उदाहरण के लिए 12 वीं कॉमर्स से करने वाले छात्र को अगर बीकॉम की जगह बीए करना था तो उन्हें यह इंटरव्यू देना था। कॉलेजों में यूजी- पीजी में एडमिशन के लिए पूरे प्रदेश में यही कॉमन व्यवस्था लागू रही। उज्जैन यूनिवर्सिटी को इसका जिम्मा सौंपा गया था।

क्या जवाब देना थे

इंटरव्यू में छात्रों को संकाय बदलने से जुड़े पहलूओं व जिस कोर्स में एडमिशन लेना है, उससे जुड़े कुछ बेसिक सवालों के जवाब देना थे।

इंटरव्यू क्लीयर करने के बाद जो छात्र पात्र माने गए थे, उन्हें लीड कॉलेज की तरफ से पात्रता प्रमाण-पत्र मिला। आनलाइन एडमिशन प्रक्रिया के दौरान मार्कशीट व अन्य दस्तावेजों के साथ यह इन छात्रों को यह प्रमाण-पत्र भी स्कैन करना था। उसी आधार पर उन्हें मेरिट के अनुसार कॉलेज अलॉट हुआ। एडमिशन प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन व च्वाइस फिलिंग व मेरिट के आधार पर कॉलेज अलॉट हुआ था। कॉलेजों में एडमिशन के लिए दस्तावेज सत्यापन से लेकर रजिस्ट्रेशन तक की पूरी प्रक्रिया वैसी ही थी।

कन्वेंशन कम एग्जिबीशन सेंटर का निर्माण शुरू करेगा आईडीए

अगले माह पीपीपी मोड़ पर होगा काम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इंदौर विकास प्राधिकरण अगले माह में बेहद जल्द निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद स्कीम 172 में पीपीपी मोड़ पर नवीन आधुनिक कन्वेंशन कम-एग्जिबीशन सेंटर का निर्माण कार्य शुरू करेगा। जिसका फायदा आने वाले नए साल में लोगों को मिलेगा। जिसको लेकर इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) अफसरों ने पहल शुरू कर दी है। वहीं अब अगले हफ्ते निविदा संबंधित प्रक्रिया और तमाम प्रोसेस पूरी होने के बाद बेहद जल्द इस साल के अंत में पीपीपी मोड़ पर निर्माण कार्य भी शुरू कर देगा। जिसको लेकर आईडीए अफसरों की विभागीय तैयारियां अब एकदम अंतिम दौर में है।

नए साल में जल्द स्कीम नंबर 172 में मिलेगी बड़ी लागत से भव्य सौगात

साढ़े पांच सौ करोड़ के आसपास बड़ी लागत से शुरू होगा निर्माण- पीपीपी मोड पर लगभग साढ़े पांच सौ करोड़ रुपए के आसपास बड़ी लागत से स्कीम 172 क्षेत्र में अगले साल की शुरुआत में जल्द निर्माण कार्य शुरू होगा। वहीं इस बड़े प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के मुताबिक अगले माह टेंडर संबंधित तमाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द स्कीम 172 क्षेत्र में भव्य आधुनिक कन्वेंशन कम-एग्जिबिशन सेंटर का नव निर्माण करवाया जाएगा। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने को है। बताया जा रहा है कि इस माह के अंत में तकनीकी बीड खोली जाएगी। जिसके बाद अन्य प्रक्रिया पूरी कर संभवतः आने वाले नए साल तक जल्द निर्माण संबंधित कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे। जिसका फायदा भविष्य में लोगों मिलेगा। गौरतलब है कि इंदौर विकास प्राधिकरण बोर्ड द्वारा कई स्कीम में लगातार बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य किए जा रहे है। जिसका फायदा आने वाले दिनों में विभिन्न स्कीम से जुड़े हजारों लोगों को भविष्य में मिलने वाला है।



करोड़ों की लागत से पीएम ई बसों के लिए नया डिपो होगा तैयार

रसोमा क्षेत्र में 7.75 करोड़ की लागत से शुरू होंगे सिविल कार्य

टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुरू होगा जल्द निर्माण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विजयनगर क्षेत्र में पुराने आरटीओ दफ्तर की जगह पर पीएम ई - बस सेवा के लिए आधुनिक नवीन बस डिपो का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

जहां इंदौर अटल सिटी ट्रांसपोर्ट (एआईसीटीएसएल) द्वारा लगभग 7.75 पौने आठ करोड़ रुपए की लागत से पीएम ई बसों के खड़े रहने और आधुनिक फास्ट चार्जिंग सिस्टम लगाने के लिए नवीन बस डिपो का निर्माण कार्य करवाया जाएगा, जिसका **वर्तमान** में एआईसीटीसीएल द्वारा इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके तहत अगले माह की शुरुआत में निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेहद जल्द इसी साल पुराने आरटीओ दफ्तर विजयनगर की खाली पड़ी जगह पर बसों के खड़े रहने और चार्जिंग सिस्टम के लिए नवीन बस डिपो का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा ताकि नए साल में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ने पर इसका फायदा मिलेगा। साथ ही बसों को रखने और चार्जिंग की समस्या का भी समाधान होगा। गौरतलब है कि विजय नगर क्षेत्र में पुराने आरटीओ दफ्तर की जगह पर बस डिपो का निर्माण कार्य कुछ साल पहले ही पूरा कर लिया गया था। लेकिन अन्य सिविल कार्य और चार्जिंग सिस्टम अपडेट करने और लगाने के साथ ज्यादा संख्या में यहां डिपो पर बसें खड़ी रहे इसके लिए अब इसके नवीनीकरण और आधुनिकीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। इसका लाभ आने वाले नए साल में मिलेगा।

संपादकीय

सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश: अधिक चीनी, नमक और वसा वाले पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर दें स्पष्ट चेतावनी

सुप्रीम कोर्ट ने अधिक चीनी, नमक व वसा वाले पैकेटबंद खाद्य पदार्थों के सामने लाल षट्कोण (Red Hexagon) में स्पष्ट चेतावनी छापने और 4 महीने में नियम लागू करने का निर्देश दिया है। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोग से जुड़े जोखिम को लेकर आम लोगों की चिंता लगातार बढ़ रही है। आज बाजार में बिकने वाले अधिकांश खाद्य पदार्थ पैकेट में बंद होते हैं, जिनकी वास्तविक गुणवत्ता और उनमें इस्तेमाल की गई सामग्री के बारे में उपभोक्ता को पूरी जानकारी मिलना जरूरी है। मगर कई बार पैकेट पर दी गई जानकारी अधूरी, अस्पष्ट या ऐसी भाषा में होती है, जिसे आम आदमी आसानी से समझ नहीं पाता। यह स्थिति उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य, अधिकारों और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। ऐसे में खाद्य पदार्थों के पैकेट पर पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश कई मायनों में महत्त्वपूर्ण हैं। शीर्ष अदालत ने बीते गुरुवार को कहा कि चीनी, नमक या वसा की अधिक मात्रा वाले पैकेटबंद पदार्थों पर स्पष्ट रूप से अलग-अलग चेतावनी दी जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का भ्रम न हो। जाहिर है कि अगर चेतावनी व्यवस्था ही कमजोर होगी, तो इस पूरी कवायद का मूल उद्देश्य भी अधूरा ही रह जाएगा। गौरतलब है कि पिछले कुछ वर्षों से बाजार में चिप्स, नमकीन, बिस्कुट, नूडल्स और मीठे पेय समेत अनेक तरह के पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की खपत तेजी से बढ़ रही है। बच्चों और किशोरों में इन उत्पादों के प्रति आकर्षण विशेष रूप से अधिक है। चिंता की बात यह है कि पैकेट पर मौजूद पोषण संबंधी विवरण छोटे अक्षरों में या ऐसी तकनीकी भाषा में दिए जाते हैं, जिन्हें सामान्य उपभोक्ता आसानी से नहीं समझ पाता। अधिक चीनी, नमक और वसा वाले खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है। यदि उपभोक्ता को खरीदारी के समय ही यह स्पष्ट जानकारी मिल जाए कि किसी उत्पाद में इन तत्वों की मात्रा अधिक है, तो वह अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बेहतर विकल्प चुन सकता है। इसलिए पैकेट पर शब्दों में और चित्रात्मक रूप से स्पष्ट चेतावनी देना केवल सूचना उपलब्ध कराने का मामला नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा का महत्त्वपूर्ण पहलू है। देश में पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की मात्रा एवं गुणवत्ता की कई स्तरों पर निगरानी एवं जांच की व्यवस्था मौजूद है, इसके बावजूद अगर बाजार में नियमों की अनदेखी की जाती है, तो भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने संबंधित प्राधिकरण को खाद्य पदार्थों के पैकेट के सामने वाले हिस्से पर पोषण संबंधी स्पष्ट चेतावनी देने की व्यवस्था लागू करने को कहा है। साथ ही पोषक तत्वों की सीमा निर्धारित करने में वैज्ञानिक आधार अपनाने तथा नियमावली इस तरह तैयार करने की आवश्यकता जताई है कि अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थ चेतावनी के दायरे से बाहर न रह जाएं। खाद्य पदार्थ बनाने वाली कंपनियों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे केवल उत्पाद बेचकर मुनाफा कमाने पर जोर देने के बजाय उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और उनके अधिकारों का भी ध्यान रखें। अब सरकार और खाद्य नियामक की जिम्मेदारी है कि न्यायालय के इन निर्देशों को कागजों तक सीमित न रहने दें, बल्कि प्रभावी ढंग से लागू करें। पारदर्शी खाद्य व्यवस्था, जिम्मेदार कंपनियां और जागरूक उपभोक्ता ही स्वस्थ समाज की मजबूत नींव बन सकते हैं।

कारोबारी से पौने 13 लाख की ऑनलाइन ठगी

क्रिप्टो करेंसी में मोटे मुनाफे का झांसा देकर की वारदात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में क्रिप्टो करेंसी में निवेश पर अधिक लाभ का लालच देकर एक कारोबारी से करीब 12 लाख 78 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अज्ञात साइबर ठग ने व्हाट्सएप लिंक और चैटिंग के जरिए मंडी व्यापारी को जाल में फंसाया और अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से मोटी रकम ऐंठ ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, ग्राम तिल्लोर खुर्द निवासी फरियादी शेखर पाटीदार पिता दयाशंकर पाटीदार जिनकी चोइथराम मंडी में दुकान नंबर 293 है, ने थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि बीते दिनों उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप नंबर 9054335620 से एक लिंक प्राप्त हुआ था। लिंक खोलने के बाद व्हाट्सएप पर हुई चैटिंग में अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर अधिक मुनाफा होने का झांसा दिया। झांसे में आकर फरियादी ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए रकम निवेश कर दी, लेकिन उन्हें कोई रिटर्न नहीं मिला और कुल 12,78,760 रुपए की ऑनलाइन ठगी हो गई। राजेंद्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से संदिग्ध नंबर, लिंक और बैंक खातों की पड़ताल शुरू कर दी है।

बाइक की सीट के नीचे ब्राउन शुगर छिपाकर ले जा रहे 2 युवक गिरफ्तार

सुपर कॉरिडोर से 2.20 लाख का माल जब्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर रोड पर कार्रवाई करते हुए 13 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोटरसाइकिल की पिछली सीट के नीचे पन्नी में मादक पदार्थ छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.30 लाख रुपए कीमत की ब्राउन शुगर और तस्करी में इस्तेमाल बजाज पल्सर बाइक जब्त की है, जिससे कुल मशरूका करीब 2.20 लाख रुपए आंका गया है।



क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, क्राइम ब्रांच की टीम गश्त व संदिग्धों की तलाश करते हुए सुपर कॉरिडोर रोड स्थित मेट्रो पिलर क्रमांक पी-206 के पास पहुंची। वहां बाइक के साथ खड़े दो संदिग्ध युवक पुलिस को देख रुकने की वजह पूछने पर हड़बड़ाने लगे। घेराबंदी कर पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम रोहित ठाकुर निवासी गांधीनगर और रवि यादव निवासी आजाद नगर बताए। संदेह होने पर बाइक की पिछली सीट के नीचे तलाशी ली गई, जहां पन्नी में रखी 13 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक रोहित 8वीं पास है और डिलीवरी बॉय का काम करता है, जबकि रवि 6ठी तक पढ़ा है और एक चॉकलेट कंपनी में काम करता है। अपराध शाखा थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है तथा सप्लायर व नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

अड़ीबाजी में शराब के लिए मांगे एक हजार रुपये

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। छत्रीपुरा थाना क्षेत्र स्थित बियाबानी महू नाका रोड पर एक कैफे में घुसकर बदमाश ने संचालिका से अड़ीबाजी करते हुए शराब के लिए एक हजार रुपए मांगे। रुपए देने से इनकार करने और शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, जूनी इंदौर निवासी फरियादी प्रियंका राव ने बताया कि वह अपनी बहन आशी के साथ बियाबानी महू नाका रोड स्थित चाय पे चर्चा कैफे में बैठी थीं। इसी दौरान बाराभाई निवासी आरोपी मौसम उर्फ लखन कैफे पर पहुंचा और धौंस जमाते हुए सिगरेट मांगी। सिगरेट न होने की बात कहने पर आरोपी ने खुद को इलाके का दादा बताते हुए शराब पीने के लिए एक हजार रुपए की मांग की। जब प्रियंका ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी बीच फरियादी के मंगेतर सूरज कैफे पर पहुंच गए। दोनों ने शोर मचाया तो आरोपी आगे पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।

बुजुर्ग संचालक के सिर में कड़छी मारी

होटल बंद करते समय खाना मांगने पर विवाद

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बाणगंगा थाना क्षेत्र में होटल बंद करते समय खाना मांगने को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग होटल संचालक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली-गलौज के बाद पत्थर और कड़छी से हमला कर बुजुर्ग को घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार जय गोपाला बिल्डिंग भवानी नगर निवासी फरियादी राजेन्द्रसिंह यादव पिता सेवाराम यादव (60) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपना होटल बंद करके घर जाने वाले थे। तभी यश गोयल निवासी जगदीश नगर, आकाश, राज और उनका एक अन्य साथी वहां पहुंचे और खाना देने की मांग करने लगे। फरियादी ने बताया कि उन्होंने होटल बंद होने की बात कही, जिस पर चारों गाली-गलौज करने लगे। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो राज ने पत्थर फेंककर मारा, जिससे उनके दाहिने हाथ की बीच की उंगली में चोट आई और खून बहने लगा। इसी दौरान आरोपी यश गोयल ने होटल के बाहर पड़ी कड़छी उठाकर फरियादी के सिर में मार दी, जिससे उनके सिर से भी खून निकलने लगा।

1 लाख 70 हजार की ड्रग्स के साथ 2 बदमाश गिरफ्तार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्राइम ब्रांच ने राजकुमार सब्जी मंडी रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास कार्रवाई करते हुए 12.01 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स के साथ दो आदतन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी होंडा शाइन मोटरसाइकिल की सीट के नीचे पन्नी में मादक पदार्थ छिपाकर ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 1.20 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स और करीब 50 हजार रुपए की बाइक जब्त की है, जिससे कुल मशरूका करीब 1.70 लाख रुपए आंका गया है।

वाहन की नम्बर प्लेट मोड़ रखी थी

क्राइम ब्रांच के अनुसार, टीम रात्रि रिस्पांस ड्यूटी और संदिग्धों की तलाश करते हुए राजकुमार सब्जी मंडी रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास पहुंची। वहां सड़क किनारे एक होंडा शाइन बाइक पर बैठे दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए, जिसकी आगे की नंबर प्लेट मुड़ी हुई थी। घेराबंदी कर रात में रुकने का कारण पूछने पर दोनों हड़बड़ाने लगे। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम रोहित मेहरा निवासी भागीरथपुरा और आयुष चंदेरिया निवासी भागीरथपुरा बताए। संदेह होने पर बाइक की तलाशी ली गई, तो सीट के नीचे पन्नी में रखी 12.01 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक रोहित मेहरा 8वीं पास है और पुताई आदि मजदूरी करता है, जिसके खिलाफ बाणगंगा थाने में आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट और आबकारी एक्ट के तहत पूर्व में चार मामले दर्ज हैं। वहीं आयुष चंदेरिया 9वीं तक पढ़ा है और डिलीवरी बॉय का काम करता है, जिसके विरुद्ध बाणगंगा व लसूड़िया थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के दो पूर्व प्रकरण दर्ज हैं।

पान की दुकान का ताला काटकर सिगरेट चुरा ले गए

30 हजार की नकदी व अन्य सामान भी गया

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित चोइथराम चौराहे पर एक पान की दुकान का ताला काटकर अज्ञात बदमाश 30 हजार रुपए नकद और सिगरेट के पैकेट व अन्य सामान चुरा ले गए। चोर दुकान के शटर का ताला काटने के बाद काउंटर की दराज का ताला तोड़कर भीतर से माल समेट ले गए। कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, ए-ब्लॉक अहीरखेड़ी निवासी फरियादी दिलीप टाकिया पिता भगवान टाकिया चोइथराम चौराहा स्थित कर्णावत पान की दुकान पर कर्मचारी हैं। उन्होंने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने बताया कि अज्ञात बदमाश ने दुकान के शटर का ताला काटा और अंदर दाखिल हो गया। इसके बाद आरोपी ने दुकान के काउंटर की दराज का ताला तोड़ा और उसमें रखी एक दिन की बिक्री के 30 हजार रुपए नकद व विभिन्न कंपनियों के सिगरेट के पैकेट चोरी कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद राजेंद्र नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों और संदिग्धों के आधार पर चोर की खोजबीन शुरू कर दी है।

फूठी कोठी सब्जी मंडी विवाद अब राजनीति की मंडी में बदलता नजर आ रहा!

प्रदर्शन, विरोध और टकराव के बीच आम जनता परेशान, आखिर मंडी की व्यवस्था का स्थायी समाधान कौन करेगा?

इंदौर सिटी ब्लास्ट (अक्षय जैन)। इंदौर की फूठी कोठी सब्जी मंडी को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल मंडी लगाने और हटाने तक सीमित नहीं रह गया है। सब्जी कारोबारियों, स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच व्यवस्था को लेकर उठे सवाल अब विरोध, प्रदर्शन और राजनीतिक बयानबाजी के बीच उलझते नजर आ रहे हैं। जिस मुद्दे का समाधान बातचीत और व्यवस्थागत निर्णय से निकलना चाहिए था, वह धीरे-धीरे राजनीति की मंडी का रूप लेता दिखाई दे रहा है।

सब्जी मंडी किसी भी शहर की रोजमर्रा की जरूरत है। यहां छोटे सब्जी विक्रेताओं की आजीविका जुड़ी है तो दूसरी ओर आम नागरिकों को सस्ती और सुलभ सब्जियां मिलने की अपेक्षा रहती है। लेकिन मंडी के कारण यातायात बाधित हो, रहवासियों को परेशानी हो, सड़कें अवरुद्ध हों और आने-जाने वालों को रोजाना जाम का सामना करना पड़े तो सवाल उठना स्वाभाविक है। दूसरी ओर वर्षों से सब्जी बेचकर परिवार चलाने वाले छोटे कारोबारियों की रोजी-रोटी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विडंबना यह है कि विवाद के बीच आम जनता की मूल समस्या कहीं पीछे छूटती जा रही है। कभी मंडी हटाने की मांग, कभी मंडी बचाने के समर्थन में प्रदर्शन, कभी राजनीतिक हस्तक्षेप तो कभी विरोध के स्वर। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे ज्यादा परेशान वह नागरिक है, जिसे न राजनीति से मतलब है और न किसी संगठन की शक्ति प्रदर्शन से। उसे तो केवल सुगम यातायात, व्यवस्थित बाजार और सामान्य जनजीवन चाहिए।

प्रशासन के सामने भी चुनौती कम नहीं है। क्या मंडी के लिए निर्धारित स्थान और पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं? क्या वहां पार्किंग, सफाई, यातायात और कारोबारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था है? क्या स्थानीय रहवासियों की आपत्तियों को गंभीरता से सुना गया है? और यदि वर्तमान स्थान पर मंडी से लगातार अव्यवस्था पैदा हो रही है तो वैकल्पिक व्यवस्था का ठोस खाका कहां है? सवाल यह भी है कि छोटे सब्जी विक्रेताओं की आजीविका और आम जनता की सुविधा के बीच संतुलन बनाने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? केवल हटाने या बनाए रखने के नारों से समस्या का समाधान नहीं होगा। जरूरत है कि प्रशासन सभी पक्षों को साथ बैठाकर तथ्यात्मक सर्वे करे, कारोबारियों की संख्या और उपलब्ध स्थान का आकलन करे तथा यातायात और रहवासी सुविधाओं को ध्यान में रखकर निर्णय ले।

सब्जी मंडी रोजमर्रा की जरूरत है, लेकिन अव्यवस्था किसी की मजबूरी नहीं बननी चाहिए। फूठी कोठी का विवाद राजनीतिक प्रतिष्ठा का विषय बनने के बजाय जनसुविधा और आजीविका के संतुलन का विषय बने। आखिर जनता को प्रदर्शन और टकराव नहीं, समाधान चाहिए। मंडी की राजनीति में आम आदमी की परेशानी कहीं सब्जियों की तरह तौलकर कम न कर दी जाए!

ग्राहक बनकर आया बदमाश मोबाइल लेकर हुआ चंपत

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमजी रोड थाना क्षेत्र स्थित जेलरोड पर एक मोबाइल की दुकान से अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर पहुंचा और कर्मचारी की नजर बचाकर ओप्पो कंपनी का एक मोबाइल फोन चुरा ले गया। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, पार्श्वनाथ नगर निवासी फरियादी विक्की वाधवानी पिता लक्ष्मणदास वाधवानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जेलरोड पर उनकी मन मार्केटिंग नाम से दुकान है। फरियादी को दुकान के कर्मचारी संजय ने बताया कि दुकान पर दो ग्राहक आए थे और कर्मचारी उन्हें ओप्पो कंपनी के दो मोबाइल फोन दिखा रहा था। इसी दौरान मौका पाकर एक अज्ञात व्यक्ति कर्मचारी को चकमा देते हुए ओप्पो-ए6एक्स मॉडल का मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद एमजी रोड पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर दुकान व आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

युवक को बाइक सवार बदमाशों ने लाठी से पीटा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र स्थित मच्छीबाजार चौराहे पर रात के समय डिवाइडर पर बैठने की मामूली बात को लेकर बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने एक युवक से मारपीट कर दी। बदमाशों ने गाली-गलौज के बाद थप्पड़ और लाठी से हमला कर युवक को घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डिवाइडर पर बैठने की बात को लेकर पहले दी गालियां फिर मारे थप्पड़

पंढरीनाथ पुलिस के अनुसार टाट पट्टी बाखल निवासी फरियादी सैफ अली अब्बासी पिता हबीब अब्बासी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मच्छीबाजार चौराहे पर स्थित डिवाइडर पर बैठे हुए थे। तभी एक बाइक पर तीन अज्ञात व्यक्ति वहां पहुंचे और उनसे बोले कि तुम यहां डिवाइडर पर क्यों बैठे हो इस पर फरियादी ने कहा कि तुमको क्या करना है, मैं कहीं भी बैठूं। इसी बात से नाराज होकर तीनों बदमाश गाली-गलौज करने लगे। जब फरियादी ने गालियां देने से मना किया, तो बाइक से दो युवक नीचे उतरे और उनमें से एक ने थप्पड़ मारा तथा दूसरे ने लाठी से हमला कर दिया। लाठी लगने से फरियादी के दाहिने गाल और आंख पर गंभीर चोट आई है।

न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड की टीम अभी भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। वहां 9 दिसंबर से चार मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होगी। इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का ऐलान कर दिया गया है। जैक क्लेटन और कोरी रोचिचिओली को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। अभी टीम में 13 खिलाड़ियों को जगह मिली है। वहीं शेफील्ड शील्ड के छठे राउंड के बाद एक और खिलाड़ी के नाम की घोषणा की जाएगी।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में क्लेटन को शेफील्ड शील्ड में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। क्वींसलैंड के 27 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस सीजन में नौ पारियों में 449 रन बनाए हैं। उनका औसत 74.83 रहा है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और चार अर्धशतक लगाए हैं। क्लेटन ने अब तक फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 2,732 रन बनाए हैं। उनका औसत 40.17 है। उनके नाम सात शतक और 16 अर्धशतक दर्ज हैं।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर रोचिचिओली को भी घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से मौका मिला है। उन्होंने इस सीजन शेफील्ड शील्ड में 33.88 की औसत से 18 विकेट लिए हैं। 29 साल के रोचिचिओली ने 59 फर्स्ट क्लास मैचों में कुल 205 विकेट हासिल किए हैं। उनके नाम छह बार एक पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड भी है। टीम के प्रमुख स्पिनर नाथन लायन को ड्रॉप कर दिया गया है। उनके नाम टेस्ट में 577 विकेट हैं। लायन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट खेले थे और 43.66 की औसत से 6 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया के चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बेली ने कहा, 'हाल के मैचों में नाथन गेंद के साथ उतना असर नहीं डाल पाए हैं, जितनी हमें उम्मीद थी। साथ ही हम यह भी जानते हैं कि उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है और उनका अनुभव, जानकारी और स्किल आगे चलकर हमारी टीम के लिए काफी काम आ सकते हैं।' साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में खेलने वाली टीम से मार्नस लाबुशेन, ब्यू वेबस्टर, कूपर कॉनॉली और मैथ्यू कुहनेमन को भी बाहर किया गया है। आखिरी मैच से पहले रिलीज किए गए निक मैडिनसन और सैम हार्पर की टीम में वापसी नहीं हुई है। लाबुशेन ने साउथ अफ्रीका सीरीज में छह पारियों में 131 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जैक क्लेटन, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, माइकल नेसर, मैथ्यू रेनशॉ, कोरी रोचिसिओली, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क।

नाथन लायन के साथ मार्नस लाबुशेन ड्रॉप, दो नए खिलाड़ियों को मौका

बिजली कंपनी ने इस वर्ष 41 हजार बिजली चोरी, अनियमितताएं पकड़ी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी, अनियमितता रोकने के प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जारी केलेंडर वर्ष में एक जनवरी से लेकर अब तक 98 हजार से ज्यादा स्थानों पर सघन चैकिंग की गई, 41 हजार से ज्यादा बिजली चोरी, अनियमितताओं के प्रकरण बनाए गए। 93 करोड़ रूपए की बिलिंग की गई, एवं अब तक 70 करोड़ रूपए से ज्यादा की राशि वसूल की गई है। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी स्तर पर बिजली चोरी रोकने के लिए सतर्कता संकाय एवं संचारण संधारण टीमों द्वारा इंदौर, उज्जैन क्षेत्र के सभी 15 जिलों में प्रभावी चैकिंग, तकनीकी बिंदुओं द्वारा अनियमितता की रिपोर्ट आने, सिग्नल प्राप्त होने व भौतिक रूप से गड़बड़ी होने पर कार्रवाई की जा रही है। नियमित कार्रवाई के साथ ही समय समय पर विशेष जांच दल गठित कर अभियान चलाकर बिजली चोरी, अनियमितता रोकने का कार्य किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने आमजनों, उपभोक्ताओं से बिजली चोरी नहीं करने एवं सही कनेक्शन लेने, कनेक्शन जिस प्रयोजन के लिए लिया गया हैं उसी प्रयोजन में बिजली उपयोग का आह्वान भी किया हैं।



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता कल दौड़ में होंगे शामिल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी कल इंदौर में होने वाली मैराथन में शामिल होंगे।

इन्दौर कोल्ट्स की विराट जीत

इंदौर । सचिव देवाषीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा कप अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर कोल्टस एवं जय गिरनारी के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में सभी विकेट खोकर 274 रन बनाये। मनस्व वर्मा एवं दिव्यांश शर्मा ने 79-79 रनों का योगदान दिया। विनय यादव ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। जवाब में जय गिरनारी की टीम 34 ओवरो में सभी विकेट खोकर 142 रन ही बना पाई और यह मैच 132 रनों के विशाल अंतर से हार गई । शार्दुल तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये।

इन्दौर नगर पालिक निगम
क्रुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सुनील साहू पिता श्री मिश्रीलाल साहू** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 1370 दिनांक 27/11/2026 के साथ रजिस्ट्री /वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1001260627 पता-27 आईसीजी गोलकोण्डा कालोनी सर्वे क्र. 346/1 एवं (अन्य) ग्राम टिगरिया बादशाह इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
क्रुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम
क्रुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **1.श्रीमती मीना गौड़ पति श्री जगदीश गौड़ 2.श्री अंकित गौड़ पिता श्री जगदीश गौड़** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 1369 दिनांक 27/11/2026 के साथ रजिस्ट्री /वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 2000150388 पता-23, सुकून वैली प्रीमियम खसरा नं. 103/1/24/7/1, 103/1/24/7/2/2 ग्राम छोटा बांगड़दा इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
क्रुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16
नगर पालिक निगम इन्दौर

भारत की खराब शुरुआत तीन विकेट जल्द खोए

यशस्वी-पडिक्कल के बाद गिल भी आउट न्यूजीलैंड ने पहली पारी में बनाए 356 रन

क्राइस्टचर्च। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल में जारी है। आज मैच का दूसरा दिन है। भारत ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 356 रन बनाए। फिलहाल भारत की पहली पारी जारी है।



भारत को 59 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा । काइल जेमीसन ने कप्तान शुभमन गिल को स्लिप में टॉम लाथम के हाथों कैच कराया। गिल 29 गेंद में तीन चौके की मदद से 17 रन बनाकर आउट हुए। 134 किमी/घंटे की रफ्तार से आई गेंद लेंथ पर थी और पड़ने के बाद बाहर की ओर निकली। गिल गेंद के एंगल के हिसाब से खेले, लेकिन देर से हुए मूवमेंट के कारण बल्ले का बाहरी किनारा लगा। दूसरी स्लिप में लाथम ने आसान कैच लपक लिया। उनके आउट होने से चाय के समय भारत की मुश्किलें बढ़ गईं। उनका विकेट गिरते ही चायकाल का एलान किया गया। इससे पहले यशस्वी जायसवाल खाता खोले बिना आउट हुए। मैट हेनरी ने उनका शिकार किया। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल को काइल जेमीसन ने पवेलियन भेजा। पडिक्कल 20 गेंद में 21 रन बना सके थे। भारत अभी भी न्यूजीलैंड के स्कोर से 297 रन पीछे है। न्यूजीलैंड की पारी आज 356 रन पर सिमट गई थी।

न्यूजीलैंड की पहली पारी दूसरे दिन 356 के स्कोर पर सिमट गई। आकाश दीप ने मैट हेनरी को आउट कर पारी को समेट दिया। आकाश की शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर हेनरी ने हटकर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर ऋषभ पंत के दस्तानों में समा गई। हेनरी 25 गेंद में 19 रन बनाकर लौटे। इसके साथ ही आकाश दीप ने इस पारी में अपना पांच विकेट हॉल पूरा किया। यह उनका टेस्ट में दूसरा फाइव विकेट हॉल रहा। आकाश दीप की यह शानदार गेंदबाजी रही। उन्होंने 31.3 ओवर में 99 रन देकर पांच विकेट लिए। कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें गले लगाया। सिराज ने भी उन्हें गले लगाया।

आयसीसी की रोमाचंक जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आयसीसी एवं इंदौर स्पोटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 247 रन बनाये। अनिल मौर्य ने 58 रन बनायें । आकाश पंवार ने 4 विकेट एवं उज्जवल पालीवाल ने 3 विकेट लियै। जवाब में आयसीसी की टीम ने 42 ओवरो में 6 विकेट खोकर 250 रन बना लिये और यह मैच 4 विकेट से जीत लिया । यश यादव ने 74 रन एवं कपिश घोसालकर ने 63 रन बनाये। वैभव शर्मा ने 3 विकेट लिये।

अंतर महाविद्यालयीन पावर लिफ्टिंग एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता 30 को

इंदौर। महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेस को म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की सीधी संभाग स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन पॉवर लिफ्टिंग (पुरुष एवं महिला) एवं शरीर सौष्ठव (पुरुष) प्रतियोगिता का दायित्व सौंपा गया है। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 30 नवंबर को श्रीराम, जिम्नेशियम रोबर्ट स्क्वायर के पास, एम.आर 9 पर किया जाएगा।



इंदौर की प्रियाल जेरिया ने जीता स्वर्ण पदक

इंदौर। पुणे के श्री छत्रपति शिवाजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम में 20 से 25 नवंबर तक आयोजित प्रथम इंडियन ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो जी 1 रैंकिंग कॉम्पिटिशन में इंदौर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक हासिल किए।

वर्ल्ड ताइक्वांडो से मान्यता प्राप्त इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 20 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें विभिन्न राज्य सरकारों की खेल अकादमियों, भारतीय खेल प्राधिकरण, पुलिस एवं केंद्रीय सुरक्षा बलों के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के कुल 28 खिलाड़ियों ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिता के सब-जूनियर ₹47 किलोग्राम भार वर्ग में प्रियाल जेरिया ने अपने दोनों मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं सीनियर - 62 किलोग्राम भार वर्ग में राशि सोलंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार ₹87 किलोग्राम भार वर्ग में आकाश ठाकुर ने भी शानदार मुकाबले जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित वीरेंद्र पवार, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रमेश मेंदोला एवं पार्षद राजेंद्र राठौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हॉकी में भी हुए रोमांचक मुकाबले



इंदौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले खेले गए। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर और बी.के. बिरला सेंटर फॉर एजुकेशन, पुणे के बीच मुकाबला 1-1 गोल से बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल किया और मैच ड्रॉ रहा।

दूसरे मुकाबले में मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राई ने डेली कॉलेज, इंदौर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 गोल से जीत हासिल की। मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स की ओर से तविश और वरुण ने 3-3 गोल तथा निक्की ने 5 गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

फुटबॉल स्पर्धा में 12 टीमों ने दिखाया दम

इंदौर। केसीयन्स फुटबॉल ट्रॉफी का समापन रोमांचक मुकाबलों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। अंडर-17 बालक वर्ग की इस प्रतियोगिता में इंदौर के 12 विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए अग्रवाल पब्लिक स्कूल ने फाइनल मुकाबले में सिक्का 78 स्कूल को 2-0 से पराजित कर ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। रयान इंटरनेशनल स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल कौशल के लिए विभिन्न खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सिक्का 78 स्कूल के प्रयाग जैन को बेस्ट डिफेंडर, आरुष पंवार को बेस्ट गोलकीपर तथा रयान इंटरनेशनल स्कूल के अंश पाल को बेस्ट अटैकर का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं मेजबान किड्स कॉलेज स्कूल के आदि मिश्रा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में किड्स कॉलेज स्कूल के फाउंडर चेयरमैन अभिषेक मिश्रा एवं प्राचार्य जुही मिश्रा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

रोहित को फिर एमआई की कप्तानी मिलने पर सूर्यकुमार यादव बोले-

पलटन कुर्सी की पेटी बांध लो

नई दिल्ली। रोहित शर्मा को एक बार फिर मुंबई इंडियंस के कप्तानी मिल गई है। आईपीएल 2027 से पहले फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान बनाया है। हार्दिक पंड्या के ट्रेड होकर पंजाब किंग्स पहुंचने के बाद फ्रेंचाइजी का कप्तानी पद खाली हुआ था। 2024 सीजन से पहले हार्दिक ट्रेड होकर मुंबई पहुंचे थे। तब रोहित को कप्तानी से हटाकर फ्रेंचाइजी ने उन्हें जिम्मेदारी दी थी।

रोहित शर्मा को कप्तानी मिलने के बाद मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का रिएक्शन आया है। सूर्या भी कप्तान बनने की रेस में माने जा रहे थे। रोहित के कप्तान बनने वाली पोस्ट को सूर्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'लीडर। भाई। मेंटर। पलटन, कुर्सी की पेटी बांध लो।'



रोहित शर्मा आईपीएल 2027 में तीन साल बाद फिर मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। 39 साल के रोहित की कप्तानी में मुंबई ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। वह 2011 में टीम से जुड़े थे और 2013 सीजन के बीच में कप्तान बने थे। तब उन्होंने टीम को चैंपियन बना दिया था। उसके बाद 2015, 2017, 2019 और 2020 सीजन को भी फ्रेंचाइजी ने रोहित की कप्तानी में जीता था। हालांकि उसके बाद से टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। 6 सीजन में मुंबई एक बार भी फाइनल में नहीं पहुंची है। दो बार वह पॉइंट्स टेबल में आखिरी नंबर पर रही।

हार्दिक पंड्या की कप्तानी के दौरान सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के उपकप्तान थे। पिछले सीजन उनका बल्ला पूरी तरह शांत था। 13 मैचों में उनके बल्ले से 21 की औसत से 270 रन ही निकले थे। मुंबई इंडियंस के लिए सूर्या का यह सबसे खराब सीजन था। अभी वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की कप्तानी कर रहे हैं। इसमें उन्होंने 5 पारियों में सूर्या ने 54 की औसत और 230 की स्ट्राइक रेट से 214 रन बनाए हैं।

आईपीएससी बास्केटबॉल में मेजबान स्कूल फाइनल में



इंदौर। ऑल इंडिया आईपीएससी बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन लीग मुकाबलों के साथ सेमीफाइनल मैच खेले गए। शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर और द मान स्कूल, दिल्ली ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे सत्र के पहले सेमीफाइनल में द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर ने मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स, राई को 39-31 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। एमराल्ड की ओर से रक्षावर्धन ने 16, प्रद्युम्न ठाकुर ने 10 तथा हर्ष अग्रवाल और आर्यमन गर्ग ने 4-4 अंक बनाए। मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स की ओर से मनीष ने 12, रयांश और दीपांशु ने 4-4 अंक बनाए।

दूसरे सेमीफाइनल में द मान स्कूल, दिल्ली ने यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला को 37-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। द मान स्कूल की ओर से एम.डी. सानी ने 10, देवेश ने 6 तथा गगिन और गुलाम ने 4-4 अंक बनाए। यादवेंद्र पब्लिक स्कूल की ओर से हरगुन और रणवीर सिंह ने 4-4 तथा अरमानवीर सिंह ने 2 अंक बनाए।

7 वर्षीय मासूम बेटी के पैर को जलती गैस पर रखा

नानी से गाली-गलौज, आरोपी मां पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित शिवनगर में एक महिला द्वारा अपनी 7 वर्षीय बेटी से मारपीट करने और गुस्से में बच्ची के पैर को जलती गैस पर रखने का मामला सामने आया है। घटना में बच्ची के पैर में छाला पड़ गया, जबकि बीच-बचाव करने पर आरोपी ने अपनी मां के साथ भी गाली-गलौज की। पीड़ित नानी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, शिवनगर निवासी फरियादी सावित्री पति रामसेवक परिहार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी बेटी प्रवेश निवासी शिवनगर की 7 वर्षीय बेटी करीब 6 साल से उनके पास ही रह रही है। फरियादी ने बताया कि बेटी प्रवेश बच्ची को अपने साथ ले जाने की बात कहने लगी, जिस पर उन्होंने कहा कि बच्ची तुम्हारी है तो इसे अच्छे से रखना। इसी बात पर आरोपी प्रवेश भड़क गई और उसने अपनी मां से गाली-गलौज करते हुए 7 वर्षीय लक्ष्मी के साथ हाथ से मारपीट शुरू कर दी। फरियादी के अनुसार, गुस्से में आकर आरोपी ने मासूम का पैर जलती गैस पर रख दिया, जिसे उन्होंने किसी तरह बचाया। इस घटना में मासूम लक्ष्मी के पैर में छाला आ गया। बाणगंगा पुलिस ने फरियादी सावित्री परिहार की रिपोर्ट पर आरोपी प्रवेश के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

मजदूरों को नशे की पुड़िया बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार

1.20 लाख की ब्राउन शुगर जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



राऊ थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मजदूरों को नशे की पुड़िया बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत की 12 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है।

राऊ पुलिस के अनुसार, बीती रात क्षेत्र में प्रभावी गश्त के लिए पुलिस टीम रवाना की गई थी। गश्त के दौरान रंगवासा फाटक के पास गुरुकुल कॉलोनी के व्यावसायिक क्षेत्र में मजदूरों को नशे की पुड़िया थमाते हुए एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश उर्फ शिशुपाल निवासी गुरुकुल कॉलोनी, रंगवासा, राऊ बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 12 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी बाजार कीमत करीब 1.20 लाख रुपए आंकी गई है। राऊ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने के लिए विस्तृत पूछताछ व फॉरवर्ड ट्रेसिंग कर रही है कि आरोपी नशे की यह खेप कहां से और किससे लेकर आया था। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपाल सिंह राठौर, उप निरीक्षक प्रवीण जाधव, प्रधान आरक्षक कमलेश चौरे, आरक्षक नारायण यदुवंशी और आरक्षक रविप्रकाश की भूमिका रही।

झाड़ियों में शराब छिपाकर बेचने वाला आदतन आरोपी को दबोचा

54 बल्क लीटर देसी शराब जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आदतन आरोपी को 54 बल्क लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 21 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी झाड़ियों में शराब छिपाकर वहीं से बिक्री कर रहा था।

राजेन्द्र नगर पुलिस के अनुसार, टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वीर सावरकर नगर के आगे लाल मल्टी के पास नीम के पेड़ के समीप झाड़ियों में एक व्यक्ति अवैध शराब छिपाकर बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनीत पिता राजेश तंवर, निवासी आनंद नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 54 बल्क लीटर अवैध देसी शराब बरामद हुई, जिसे पुलिस ने विधिवत जब्त कर लिया। राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



किशोरी को युवतियों ने बाल पकड़कर पीटा

सरवटे बस स्टैंड पर चाय पीने के दौरान विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र स्थित सरवटे बस स्टैंड पर चाय पीने के दौरान हुए विवाद में एक नाबालिग किशोरी से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित किशोरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने परिचित दो युवतियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

छोटी ग्वालटोली पुलिस के अनुसार 17 वर्षीय नाबालिग फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपने दोस्त अलफेज मंसूरी के साथ सरवटे बस स्टैंड पर चाय पीने गई थी। उसी दौरान वहां पहले से परिचित सोफिया और रिशु उर्फ बवाल भी चाय पीने पहुंच गईं। नाबालिग ने सभी के लिए चाय का ऑर्डर किया था। फरियादी ने बताया कि जब सभी चाय लेने लगे, तभी सोफिया मजाक में गाली-गलौज करने लगी। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो सोफिया और तेज आवाज में गालियां देते हुए बाल पकड़कर मारपीट करने लगी। पीड़ित किशोरी की शिकायत के आधार पर छोटी ग्वालटोली पुलिस ने सोफिया और रिशु उर्फ बवाल के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्कूटी छीनने वाले तीन लुटेरे धराए

बायपास सर्विस रोड पर की कड़ा मारकर वारदात, 24 घंटे के पहले ही पुलिस ने किया खुलासा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



कनाड़िया थाना क्षेत्र में बायपास सर्विस रोड पर रात के समय फरियादी के सिर में कड़े से वार कर स्कूटी छीनने वाले तीन लुटेरों को पुलिस ने 24 घंटे से भी कम समय में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने महंगे शौक और नशे की लत पूरी करने के लिए वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई करीब 70 हजार रुपए कीमत की सुजुकी एक्सेस स्कूटी जब्त कर ली है।

कनाड़िया थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार, 25 नवंबर की रात करीब 10:30 बजे फरियादी अपनी सुजुकी एक्सेस 125 स्कूटी लेकर बायपास सर्विस रोड पर वाइन शॉप के पास पहुंचे थे। तभी अंधेरे का फायदा उठाकर पीछे से आए तीन बदमाशों ने गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे फरियादी के सिर में कड़े से चोट आई। इसके बाद आरोपी डरा-धमकाकर उनकी स्कूटी छीनकर भाग गए थे। इस मामले में कनाड़िया थाने में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी द्वारा गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर 26 नवंबर को तीन संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम सन्नी उर्फ माना पिता रितेश राव, निवासी ब्लॉक नंबर 13, भूरी टेकरी, सुमित पिता बाबूलाल चावरे निवासी ग्राम आरोलिया, तहसील मोहन बड़ोदिया, जिला शाजापुर, हाल मुकाम दस्तूर डिलाइट गार्डन, इंदौर और सुमित पिता दिनेश चावरे, निवासी विश्वनाथ धाम कॉलोनी, खजराना बताए। जुर्म स्वीकार करने पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई स्कूटी बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार, प्रमुख आरोपी सन्नी उर्फ माना के खिलाफ पहले से 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी के 6 प्रकरण और चोरी का 1 मामला शामिल है।

बहाने से महिला को घर बुलाया

फिर कमरे में बंद कर उधारी मांगी, नहीं देने पर मारपीट

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित अहमद नगर बांक में उधार के पैसे मांगने के लिए एक युवक ने पड़ोसी महिला को बहाने से अपने घर बुलाया, दरवाजा बंद कर गाली-गलौज की और हाथ-थप्पड़ से मारपीट कर दी। महिला के पति के मौके पर पहुंचने के बाद मामला सामने आया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चंदन नगर पुलिस के अनुसार अहमद नगर बांक निवासी फरियादी ईरम मंसूरी पति वसीम मंसूरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तीसरी गली अहमद नगर बांक निवासी आरोपी आमीर उनके घर आया और उनकी सास परवीन से बोला कि खाला, मेरी अम्मी ईरम भाभी को हमारे घर बुला रही हैं। इस पर ईरम आमीर के साथ उसके घर के भीतर चली गईं। घर के अंदर आमीर की मां दिखाई नहीं दीं, जिस पर ईरम ने पूछा कि खाला कहां हैं। इसी दौरान आमीर ने घर का दरवाजा बंद कर लिया और ईरम से उधार दिए गए पैसों की मांग करने लगा। जब उन्होंने कहा कि अभी उनके पास पैसे नहीं हैं और दरवाजा खोलो, तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए हाथ-थप्पड़ से मारपीट करने लगा। तभी ईरम के पति उन्हें ढूंढते हुए वहां पहुंच गए। किसी तरह दरवाजा खोलकर बाहर आईं पीड़िता ने पति को पूरी घटना बताई और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com